


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 7 जून 2025 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष -41 ■ अंक-070 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 8 जून 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## बहुत महंगा पड़ रहा है ग्रीष्मकालीन धान, समय रहते संभलना होगा

आशीष तिवारी

छत्तीसगढ़ में ग्रीष्मकालीन धान की खेती एक गंभीर संकट का कारण बन रही है, जिसका सीधा संबंध राज्य के गिरते भूजल स्तर से है। धान वैसे भी जल-प्रधान फसल है, लेकिन गर्मी के मौसम में इसकी जल आवश्यकता और भी अधिक हो जाती है। इस मौसम में पारंपरिक जल स्रोत लगभग सूख जाते हैं और भूमिगत जल पर अत्यधिक निर्भरता बढ़ जाती है। नतीजा यह होता है कि भूजल का दोहन अंधाधुंध तरीके से होता है और जल स्तर खतरनाक रूप से नीचे चला जाता है।



राज्य के कई हिस्सों में भूजल स्तर सैकड़ों फीट नीचे जा चुका है। राजधानी रायपुर की कई कॉलोनी सूखे की मार झेल रहे हैं. यहां तक प्रदेश के कस्बाई इलाकों में भी ट्यूबवेल का गला सूखने की खबर सामने आई है. इसके बावजूद बड़ी संख्या में किसान ग्रीष्मकालीन धान की खेती कर रहे हैं। यह खेती केवल उनके व्यक्तिगत लाभ की दृष्टि से की जा रही है, लेकिन इसका दीर्घकालिक प्रभाव पूरे समाज और पर्यावरण पर पड़ेगा।



हम सभी जानते हैं कि "जल ही जीवन है", और "जल है तो कल है" जैसे नारे केवल तब तक सार्थक हैं जब तक हम उन्हें अपने जीवन में उतारें। सरकार और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा जल संरक्षण को लेकर कई अभियान चलाए गए हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है कि लोगों में जागरूकता की अब भी भारी कमी है। बहुत से किसान आज भी यह नहीं जानते कि वे जिस भूजल का उपयोग कर रहे हैं, वह एक सीमित संसाधन है और यदि समय रहते चेतावनी नहीं ली गई तो आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। छत्तीसगढ़ की भौगोलिक स्थिति को देखें तो यहां लगभग चार महीने तक भीषण गर्मी पड़ती है। इस दौरान बारिश नहीं होती और ज़्यादातर नदियों की धार सूख जाती है। ऐसे में भूमिगत जल पर निर्भरता स्वाभाविक है। परंतु इसी समय में अगर भारी मात्रा में धान की खेती की जाए, तो यह आग में घी डालने जैसा है। सबसे चिंता की बात यह है कि जब हमारे जनप्रतिनिधि स्वयं इस समस्या को नज़रअंदाज़ कर रहे हैं, तो आम किसान से जागरूक होने की अपेक्षा कैसे की जा सकती है? हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा अपने खेत में ग्रीष्मकालीन धान की फसल की तस्वीरें साझा करना इस बात का उदाहरण है कि नेतृत्व स्तर पर भी इस संकट को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा।गौरतलब है कि पूर्व में अजीत जोगी और रमन सिंह के कार्यकाल में ग्रीष्मकालीन धान की खेती को रोकने के प्रयास किए गए थे। लेकिन आज, जब संकट और गहराता जा रहा है, इसके विपरीत इसे परोक्ष रूप से प्रोत्साहन मिल रहा है। अब समय आ गया है कि शासन-प्रशासन, किसानों और आम नागरिकों को मिलकर एक ठोस रणनीति बनानी होगी। यदि आज हमने यह निर्णय नहीं लिया, तो कल बहुत देर हो जाएगी। प्रकृति का संतुलन बिगड़ने पर उसकी कीमत हम सभी को चुकानी होगी — और वह कीमत केवल आर्थिक नहीं, बल्कि जीवन के अस्तित्व से जुड़ी होगी।

## नक्सलियों के गढ़ में कई घंटों से जारी है जवानों का ऑपरेशन

### कई बड़े नक्सली घेरे में

**बीजापुर,7 जून।** कांगेर वैली में करीब 72 घंटों से जवान नक्सलियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं, इस अभियान में नक्सलियों के सीसी मेंबर सुधाकर समेत 7 नक्सलियों को मार गिराया है, मारे गए नक्सलियों में भास्कर भी शामिल है. इस इलाके को नक्सलियों का मजबूत गढ़ माना जाता है. जवानों ने इंद्रावती टाइगर रिजर्व में क्रांतिकारी राजनीतिक स्कूल (रिपोस) के प्रभारी सुधाकर को मार गिराया है। साथ ही तेलंगाना स्टेट कमेटी सदस्य और मंचेरियल कोमाराम भीम को मार गिराया है। दावा किया जा रहा है कि अभी भी 8 शीर्ष माओवादी बस्तर के जंगल में छिपे हुए हैं, इनकी तलाश जारी है.



हालांकि इस ऑपरेशन के दौरान जवानों को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है. घने जंगल में 1 जवान को सांप ने काट लिया , वहीं 6 जवान मधुमक्खी के हमले के शिकार हुए हैं. वहीं जवान डिहाइड्रेशन से पीड़ित हुए हैं. इस तरह नक्सलियों के इस मजबूत गढ़ में जवान नक्सलियों के प्रेशर बम आईईडी के अलावा प्राकृतिक चुनौतियों का भी सामना कर रहे हैं... इसके बावजूद डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा बटालियन के जवान लगातार कई घंटों ऑपरेशन जारी रखे हुए हैं.




**रुद्रप्रयाग।** सेरसी बड़ासू से चारधाम तीर्थयात्रियों को लेकर केदारानाथ धाम जा रहे क्रेस्टल एविएशन कंपनी के हेलीकॉप्टर की सड़क पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। इस दौरान वह एक कार से टकरा गया। माना जा रहा है कि तकनीकी खराबी के कारण पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए हेलीकॉप्टर को सड़क पर उतार दिया। इसमें पांच यात्री सवार थे, सभी सुरक्षित हैं। लेकिन सड़क किनारे खड़ी एक कार को नुकसान पहुंचा है, यद्यपि उसमें कोई सवार नहीं था। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर ने सेरसी बड़ासु हेलीपैड से उड़ान भरी थी और टेकआफ होते ही सड़क पर इमरजेंसी लैंडिंग की गई। हेलीकॉप्टर ने एहतियातन हेलीपैड की बजाय सड़क पर लैंडिंग की। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## गोद लेने वाली महिला कर्मचारी भी मातृत्व अवकाश की हकदार: हाईकोर्ट

**बिलासपुर,7 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि बच्चों को गोद लेने वाली महिला कर्मचारी भी चाइल्ड केयर, गोद लेने की छुट्टी या मातृत्व अवकाश की हकदार है। यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रत्येक मां का मौलिक अधिकार है कि वह अपने नवजात शिशु को मातृत्वपूर्ण देखभाल और स्नेह प्रदान कर सके, चाहे मातृत्व किसी भी प्रकार से प्राप्त हुआ हो। जस्टिस विभु दत्ता गुरु की बेंच ने स्पष्ट किया कि जैविक और गोद लेने वाली या सरोगेट माताओं के बीच मातृत्व लाभों को लेकर कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यह भी कहा कि दत्तक ग्रहण, संतान पालन अवकाश केवल लाभ नहीं है, बल्कि एक ऐसा अधिकार है जो किसी महिला को उसके परिवार की देखभाल करने की मूलभूत



आवश्यकता को पूर्ण करता है। कोर्ट ने कहा कि, याचिकाकर्ता 1972 नियमों के तहत 180 दिन की गोद लेने की छुट्टी की अधिकारी हैं। चूंकि उन्हें मातृत्व लाभ अधिनियम, 2017 के तहत पहले ही 84 दिन की छुट्टी मिल चुकी थी, इसलिए शेष को समायोजित किया जाए। याचिका के मुताबिक वर्ष 2013 में याचिकाकर्ता की आईआईएम, रायपुर में नियुक्ति हुई है। वर्तमान में सहायक प्रशासनिक अधिकारी हैं। उनका 2006 में विवाह हुआ है। 20 नवंबर 2023 को दो दिन की बच्ची को गोद लिया अधिकारी हैं। उनका 2006 में विवाह हुआ है। 20 नवंबर 2023 को दो दिन की बच्ची को गोद लिया और 180 दिनों के लिए अवकाश के लिए आवेदन किया। संस्थान ने छुट्टी को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि एचआर नीति में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। दायर याचिका के बाद कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि मां बनना एक महिला के जीवन की सबसे स्वाभाविक घटना है।

## जीत का जश्न मना रहे कोच को आया हार्ट अटैक,मौत

**दुर्ग,7 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के दुर्ग से एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। जीत का जश्न मनाने के दौरान कोच की हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना रिसाली इलाके की है। मृतक का नाम सुरेश राउत 52 वर्ष था और न्यू मशाल क्लब फुटबॉल टीम के कोच थे। इस घटना के बाद जीत की खुशी मातम में बदल गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जानकारी परिजनों को दे दी है। भिलाई-3 के विश्व बैंक कॉलोनी निवासी सुरेश राउत फुटबॉल टीम के कोच थे। शुक्रवार को वो अपनी टीम न्यू मशाल क्लब के साथ रिसाली दशहरा मैदान स्थित फुटबॉल ग्राउंड फाइनल मुकाबले में पहुंचे थे। फाइनल मैच को न्यू मशाल क्लब टीम ने जीता। जीत की खुशी में खिलाड़ी और कोच मिलकर जश्न मना रहे थे। इसी दौरान कोच सुरेश राउत की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उनके सीने में तेज दर्द हुआ, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में रिसाली स्थित अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



## अमेरिकी अधिकारियों से मिला भारतीय प्रतिनिधिमंडल

**वाशिंगटन।** वरिष्ठ कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में भारत का एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका पहुंचा। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख अमेरिकी सांसदों और अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें हाल ही में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत की जवाबी कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। यह यात्रा आतंकवाद विरोधी सहयोग को मजबूत करने के लिए वाशिंगटन में द्विदलीय समर्थन जुटाने तथा क्षेत्रीय सुरक्षा खतरों के मद्देनजर भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक संबंधों को गहरा करने के लिए चल रहे कूटनीतिक प्रयास का हिस्सा है।

## रायपुर के क्लब और बार में महिलाओं को नहीं मिलेगी फ्री एंट्री और शराब

**रायपुर,7 जून।** राजधानी रायपुर से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। इस खबर को सुनने के बाद हर कोई हैरान है। दरअसल, अब राजधानी रायपुर के क्लबों में युवतियों और महिलाओं को फ्री एंट्री नहीं मिलेगी और इसके साथ ही क्लबों में युवतियों को फ्री में शराब भी नहीं मिलेगी। बताया जा रहा है कि, अगर किसी क्लब या बार में युवतियों और महिलाओं फ्री एंट्री और शराब परोसी गई तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर एसएसपी लाल उमेंद सिंह ने बैठक लेकर क्लब/बार संचालकों को सख्त निर्देश दिए हैं। एसएसपी लाल उमेंद सिंह ने क्लब/बार संचालकों को क्लबों में युवतियों और महिलाओं को फ्री एंट्री नहीं देने के साथ ही फ्री में शराब नहीं परोसने की हिदायत दी है। इतना ही नहीं अगर किसी क्लब या बार में युवतियों और महिलाओं फ्री एंट्री और शराब परोसी गई तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आपको बता दें कि, गुरूवार की रात को महादेव घाट में कुछ युवतियों और युवकों के बीच जमकर विवाद हुआ था। इस विवाद में युवक-युवतियों ने एक दूसरे को जमकर पीटा था।

## जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे मोदी

**नई दिल्ली,7 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के आखिर में कनाडा के कनानास्किस, अल्बर्टा में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। पीएम मोदी ने खुद यह जानकारी दी है। उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ हुई बातचीत के बाद यह फैसला लिया। दोनों नेताओं ने भारत और कनाडा के रिश्तों को मजबूत करने पर जोर दिया है। हालांकि, पिछले कुछ महीनों में दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण रहे हैं, इसके बावजूद आर्थिक और आम लोगों के स्तर पर मजबूत संबंध बने हुए हैं। पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ जो माहौल बना है, उस वजह से इस बार का जी7 शिखर सम्मेलन भारत के लिए और भी महत्वपूर्ण हो गया है।



पीएम मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से बात करके खुशी हुई। उन्हें हाल ही में मिली चुनावी जीत पर बधाई दी और इस महीने के आखिर में कनानास्किस में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में निमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया।' उन्होंने आगे कहा, 'गहरे संबंधों से बंधे जीवंत लोकतंत्र के रूप में, भारत और कनाडा आपसी सम्मान और साझा हितों के आधार पर नई ऊर्जा के साथ काम करेंगे। शिखर सम्मेलन में हमारी मुलाकात का इंतजार है।' दरअसल, इस बार जी7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की भागीदारी को लेकर संशय बना हुआ था। निमंत्रण में देरी पर विपक्ष जानबूझकर शिखर सम्मेलन से बाहर रखा जा रहा है। हालांकि, भारत जी7 का सदस्य नहीं है, लेकिन, 2019 से प्रधानमंत्री मोदी को हर शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। इस अनिश्चितता के माहौल के बाद, अब यह स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री मोदी जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

### कनाडा में महत्वपूर्ण है भारतीयों की भूमिका

इन तनावों के बावजूद, भारत और कनाडा के बीच मजबूत आर्थिक और आम लोगों के संबंध बने रहे हैं। कनाडा में लगभग 18 लाख भारतीय मूल के लोग और 10 लाख अप्रवासी भारतीय रहते हैं। यह कनाडा की आबादी का 3% से अधिक है। लगभग 4,27,000 भारतीय छात्र वर्तमान में कनाडा के संस्थानों में पढ़ रहे हैं।

## सीएम साय ने कैबिनेट विस्तार की अटकलों को दिया विराम



**रायपुर,7 जून**

सीएम विष्णुदेव साय आज दिल्ली दौरे से वापस लौट आए हैं। सीएम साय के दिल्ली दौरे पर रवाना होते ही मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें तेज हो गई थी। वहीं, पीएम मोदी से मुलाकात के बाद दिल्ली से लौटते ही सीएम साय ने कैबिनेट विस्तार की अटकलों पर विराम लगाते हुए स्पष्ट कर दिया कि कब होगा साय कैबिनेट का विस्तार। बता दें कि साय कैबिनेट में फिलहाल दो पद खाली हैं। दरअसल सीएम साय ने दिल्ली से लौटने के बाद एयरपोर्ट पर मीडिया से बात की। इस दौरान सीएम साय ने बताया कि दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान प्रदेश की स्थिति को लेकर चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ की बदली हुई तस्वीर को साझा करने का अवसर मिला यह सौभाग्य की बात है। इस दौरान बोध घाट परियोजना, रिवर इंटरलिंकिंग पर भी चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि बोध घाट परियोजना के बनने से 125 मेगावर्ट बिजली पैदा होगी। इन दोनों परियोजनाओं से कई हेक्टेयर में सिंचाई संभव होगी। सीएम साय ने आगे बताया कि हमारे जवान मजबूती के साथ नक्सलवाद से लड़ रहे हैं इस पर पीएम मोदी को अवगत कराया। मोदी के हमें नक्सलवाद पर लड़ाई को लेकर बधाई दी है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर हमने भी बधाई दी है। सीएम साय ने फिलहाल इस बात का खुलासा नहीं किया है कि मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पीएम मोदी से क्या चर्चा हुई है। उन्होंने कैबिनेट विस्तार को लेकर कहा कि समय आने पर वो भी हो जाएगा। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कैबिनेट मंत्री और विधायक के पद से इस्तीफा दे दिया था। सांसद अग्रवाल के पद छोड़ने के बाद से साय कैबिनेट में दो मंत्रियों का पद खाली है। साय कैबिनेट में बृजमोहन अग्रवाल को शिक्षा महकमे की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन उनके इस्तीफे के बाद से खुद सीएम साय इस विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

### बोधघाट परियोजना फिर सुर्खियों में

**रायपुर,7 जून।** बोधघाट परियोजना को लेकर एक बार फिर चर्चा में है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस परियोजना के संबंध में अपने दिल्ली दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चर्चा की. मुख्यमंत्री साय ने मीडिया से चर्चा में प्रधानमंत्री से परियोजना को लेकर हुआ बातचीत की जानकारी देते हुए कहा कि इससे 4 लाख हेक्टेयर में सिंचाई होगी. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिल्ली दौरे से लौटने के बाद मीडिया से चर्चा में प्रधानमंत्री से हुई मुलाकात की जानकारी देते हुए बताया कि बोधघाट के साथ रिवर इंटर – लिंकिंग परियोजना पर भी बात की है. इस परियोजना से लगभग 3 लाख हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान उन्हें छत्तीसगढ़ की बदली हुई तस्वीर साझा किया. नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ रहे हैं, इससे प्रधानमंत्री को अवगत कराया.वहीं ख़रीफ़ सीजन से पहले डीएपी की कमी को लेकर सीएम साय ने कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय समस्या है.


## तेजस्वी यादव के काफिले में घुसा ट्रक, 3 सुरक्षाकर्मी घायल

**हाजीपुर,7 जून।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के काफिले में शुक्रवार आधी रात के बाद हादसा हो गया। वैशाली जिले के एनएच 22 पर गोरौल के पास एक तेज रफ्तार ट्रक उनके काफिले में घुस गया। अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से 3 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। गनीमत रही कि राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी बाल-बाल बच गए। वे महज 5 फीट की दूरी पर खड़े हुए थे। हादसा रात 2 बजे हुआ। तेजस्वी मधेपुरा में कार्यक्रम कर पटना लौट रहे थे। सड़क हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। घायलों को हाजीपुर स्थित सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। टक्कर मारकर भाग रहे ट्रक को पुलिस ने पकड़ लिया। सदर अस्पताल के बाहर मीडिया से बातचीत में तेजस्वी ने कहा कि वह शुक्रवार रात को मधेपुरा से कार्यक्रम लौट रहे थे। बीच में वे चाय पीने के लिए रुके थे। तभी एक ट्रक बेकाबू होकर आया और गाड़ियों को टक्कर मार दी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बताया कि यह हादसा ठीक उनके सामने हुआ। वहां जो सुरक्षाकर्मी खड़े थे, उनपर गाड़ी आ गई। उन्होंने कहा कि वह महज 5 फीट की दूरी पर खड़े थे। अगर थोड़ा-सा भी अनियंत्रित होता तो हम लोगों को भी टक्कर लगती। हादसे के तुरंत बाद प्रशासन के लोगों को उन्होंने फोन किया। इसके बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया। स्क्वॉड के गाड़ी से घायलों को अस्पताल में भिजवाया।



## अल्काराज और सिनर के बीच होगा लालबजरी की बादशाहत के लिए मुकाबला

**पेरिस,7 जून।** स्पेन के कर्लोस अल्काराज और वर्ल्ड नंबर एक जैनिक सिनर के बीच फ्रेंच ओपन का फाइनल खेला जाएगा. मुसेटी और अल्कारेज के बीच सेमीफाइनल मुकाबला चार सेटों तक चला जिसके बाद मुसेटी ने मैच बीच में छोड़ने का फैसला लिया। 22 साल के दूसरे वरीय अल्कारेज अपने दूसरे फ्रेंच ओपन और कुल पांचवें ग्रैंडस्लैम खिताब के लिए भिड़ेंगे। वहीं सिनर ने जोकोविच को सीधे सेटों में 6-4, 7-5, 7-6 (3) से हराया. इतालवी खिलाड़ी सिनर ने छठी वरीयता प्राप्त जोकोविच के खिलाफ ये मुकाबला 3 घंटा और 16 मिनट में जीता. सिनर लगातार तीसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलेंगे. सिनर के खिलाफ मिली हार के बाद जब जोकोविच टेनिस कोर्ट से विदा ले रहे थे तो वह थोड़े भावुक नजर आए। उन्होंने अपना किट बैग रखा और दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया। जोकोविच ने दर्शकों का उनका समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया।



## धर्मेंद्र प्रधान ने बाबा महाकाल के किए दर्शन

**उज्जैन,7 जून।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को अपने उज्जैन प्रवास के दौरान महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन-पूजन किया। वे प्रातःकालीन भस्म आरती में शामिल हुए और भगवान महाकालेश्वर का विधिवत पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर मंदिर की पवित्र और आध्यात्मिक वातावरण में उन्होंने भगवान महाकाल से देश की समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की। धर्मेंद्र प्रधान का महाकालेश्वर मंदिर में आगमन सुबह तड़के हुआ।

## रूस दे सकता है एलन मस्क को खास ऑफर

**मास्को,7 जून।** एक वरिष्ठ रूसी सांसद ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ सार्वजनिक मतभेद के बाद रूस एलन मस्क को राजनीतिक शरण की पेशकश कर सकता है. रूसी न्यूज एजेंसी TASS के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर राज्य ड्यूमा समिति (रूसी संघ की कम्युनिस्ट पार्टी) के पहले उपाध्यक्ष दिमित्री नोविकोव ने एलन मस्क और ट्रंप के बीच आरोपों के तीखे आदान-प्रदान के बाद यह बयान दिया. नोविकोव से एक सवाल किया गया कि क्या रूस मस्क को शरण देने के लिए तैयार है, ठीक उसी तरह जैसे एडवर्ड स्नोडेन को दिया था. अपने जवाब में उन्होंने न्यूज एजेंसी से कहा, "मुझे लगता है कि मस्क के पास एक पूरी तरह से अलग खेल है, कि उन्हें किसी भी राजनीतिक शरण की आवश्यकता नहीं होगी, हालांकि, अगर उन्हें



इसकी आवश्यकता होती है, तो रूस, निश्चित रूप से, यह दे सकता है."

एक वक्त ट्रंप के सबसे बड़े समर्थक रहे एलन मस्क, अब उनके सबसे बड़े आलोचकों में से एक हो गए हैं। मस्क सार्वजनिक तौर पर ट्रंप की आलोचना कर रहे हैं और ट्रंप ने भी सार्वजनिक तौर पर पलटवार किया है। ट्रंप ने टेस्ला और स्पेसएक्स को मिलने वाले सरकारी ठेकों को बंद करने की धमकी दी है। जिससे मस्क को भारी नुकसान की आशंका है। साथ ही ट्रंप से भिड़ने के बाद मस्क की कंपनी टेस्ला के शेयरों में भारी गिरावट हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टेस्ला के शेयरों में गिरावट से जनवरी से अब तक, एलन मस्क को करीब 380 अरब डॉलर (करीब 32 लाख करोड़ रुपये) का नुकसान उठाना पड़ा है।

## एक नजर

### नौकरी लगाने के नाम पर ठगी



**भिलाई, 7 जून।** भिलाई मंत्रालय रायपुर में चपरासी के लिए नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को पुरानी भिलाई थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि बीएमवाय चरोदा संगम चौक निवासी कृपाराम रवानी ने अपने के बेटे को रायपुर मंत्रालय में चपरासी के पद पर नौकरी लगाने के लिए 2 लाख 62 हजार रूपयें की ठगी मामले में पुलिस ने सर्वजीत ग्रेवाल उर्फ पप्पू शर्मा का मोबाइल लोकेशन ट्रेस करने पर मैत्रीकुंज रिसाली में होने की जानकारी मिली उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि अंजली व सुरेश तिवारी से जान पहचान थी पूर्व मे लोहार पारा राधाकृष्ण मंदिर भिलाई तीन अंजली कर्मकार के मकान में यह अपने परिवार सहित किरायें में रहता था उसी मकान में सुरेश तिवारी भी किराये से रहता था, बैंक आफ इंडिया शाखा चरोदा भिलाई 03 जिला दुर्ग मे इसका खाता था। बैंक खाता में चेक बुक जारी हुआ था, अंजली कर्मकार, सुरेश तिवारी ने नौकरी लगाने के नाम से रकम लिया था। अंजली कर्मकार, सुरेश तिवारी ने सर्वजीत से कहा कि व्यक्ति से रकम लिए है। व्यक्ति परेशान कर रहा है उसे रुपए लौटाना है। तब अंजली, सुरेश ने सर्वजीत को चेक मांगने पर उसे कोरा चेक दिया था सर्वजीत उर्फ पप्पू शर्मा को गिरफ्तार कर जेएमएफसी न्यायालय भिलाई तीन पेश किया गया जबकि अंजली कर्मकार और सुरेश तिवारी को पुलिस ने पहले ही पकड़ ली है।

### पत्थर से हमला करने वाली महिला गिरफ्तार



**भिलाई, 7 जून।** भिलाई नगर निगम के कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज व पत्थर से हमला करने की कोशिश करने वाले महिला और पुरुष को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है निगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई करने पहुंची थी वैशाली नगर थाने पुलिस ने आरोपी सलीना और सदरूद्दीन अंसारी के खिलाफ धारा 296, 221, 132 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की वैशाली नगर प्रभारी अमित अदानी ने बताया कि शांति नगर वार्ड-14 की घटना है नगर निगम जोन-2 कार्यालय के कर्मचारी मदन मोहन तिवारी ( 61साल ) ने लिखित शिकायत में भवन निर्माण के लिए आबंटित खसरा 7941/1, रकबा 1.260 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से बाउंड्रीवाल, शेड, मकान, गार्डन और तार फेंसिंग कर कब्जा कर रखा था कब्जाधारियों को पहले तीन बार नोटिस दिए जाने के बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों पर पत्थर से हमला राजस्व टीम पुलिस बल के साथ पहुंची। कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान देवेन्द्र विश्वकर्मा के मकान में रहने वाले किराएदार सलीना और सदरूद्दीन अंसारी ने निगम कर्मचारियों को गाली-गलौज करते हुए डंडा और पत्थर से हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

### पीएम आवास के लिए लोन दिलाने के नाम पर ठगी, 2 आरोपी गिरफ्तार



**दुर्ग, 7 जून।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग में पीएम आवास का लोन दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है. आरोपी चेतन कुमार वर्मा खुद को बैंक अधिकारी बताकर अलग-अलग गांवों में जाता था और ग्रामीणों को लोन का झांसा देकर उनसे पैसे ऐंठता था. ग्रामीण निजेंद्र बारले की शिकायत पर बोरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.जानकारी के अनुसार, आरोपी कार से अलग-अलग गांव में पहुंचता था और ग्रामीणों को पीएम आवास योजना का लोन दिलाने का झांसा देता था. वह ग्रामीणों से फॉर्म भरवाकर ऑनलाइन माध्यम से पैसे वसूलता था. ठगी के दौरान ऑनलाइन लेन-देन के लिए वह अपने साथी अतेश गंजीर, जो कि राजनांदगांव जिले के फरहाद का निवासी है, के मोबाइल स्कैनर का उपयोग करता था. ठगी को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी पैसे आपस में बराबर बांट लेते थे.बोरी थाना में ग्राम टेमरी निवासी निजेन्द्र बारले ने उसके साथ हुई ठगी की शिकायत दर्ज कराई. मामला दर्ज कर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है. आशंका है कि इसी तरह के और भी कई ग्रामीण ठगी का शिकार हुए होंगे.।

### हुड़को के पुराने सीवरेज सिस्टम को ठीक करने के निर्देश निर्देश

**भिलाई, 7 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-5 वार्ड क्रं. 69 एवं 70 हुडको में बरसों से पुराने सीवरेज सिस्टम की समस्या को दूर किया जाएगा। नये सीवरेज सिस्टम का निर्माण किया जायेगा। जिसका एजेंसी के द्वारा सतही स्तर पर ड्राइंग बनवा लिया गया है, उसी के आधार पर निर्माण होगा। वहां अधिकांश लोग सीवरेज सिस्टम के ऊपर मकान, गार्डन, फर्सीकरण करके सीवरेज सिस्टम को ब्लॉक कर दिये हैं।

# धूमधाम से मनाया गया ईद उल अजहा का त्यौहार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 7 जून।** इस्लाम धर्म एक प्रमुख त्यौहार ईद उल अजहा आज धूमधाम से मनाया जा रहा है। मुस्लिम समुदाय के लोग आज के दिन विशेष नमाज अदा कर व कुर्बानी देकर इबादत की एवं एक दूसरे के गले मिलकर को इस त्यौहार की मुबारकबाद पेश की । इस दौरान शहर के मस्जिदो-ईदगाहों में ईद की विशेष नमाज अदा की गई। कुर्बानी का सिलसिला भी चला। ईदुल अजहा के एक दिन पहले शुक्रवार को शहर में कुरबानी के लिए आए बकरे बड़ी तादाद में बिके। मस्जिदों के सामने से लेकर स्लॉटर हाउस तक में बकरों की खरीदी के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इसी तरह सेवइयां, मेवे और मसाले खरीदने भी लोग दुकानों में पहुंचे। ईद उल अजहा के मौके पर शहर की तमाम मस्जिदों ईदगाहों में नमाज अदा की गई। अशरफी मस्जिद रूआबांधा में पहली जमात सुबह 6:30 बजे और दूसरी जमात 7:15 बजे हुयी। इसी तरह हजरत बिलाल मस्जिद हुडको में और रिसाली ईदगाह में सुबह 7:30 बजे, हुसैनी मस्जिद करबला मैदान जीई रोड में और हाउसिंग बोर्ड ईदगाह में 8 बजे की नमाज हुयी। जामा मस्जिद सेक्टर-6 के ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 8 बजे अदा की गयी। मर्कज़ी मस्जिद पावर हाउस कैंप 2 के सेक्रेटरी सैय्यद असलम ने बताया कि मर्कज़ी मस्जिद पावर हाउस कैंप 2 में सुबह 8.15 बजे इमाम हाफिज कासिम बस्तवी ने नमाज़ अदा कराया । वहीं जामा मस्जिद हुडको में सुबह 7.00 बजे ईद उल अजहा की नमाज हुयी। मरकज मस्जिद नूर सुपेला मे सुबह 8.15, नमाज़ रखी गई । मदनी मस्जिद फरीद नगर में सुबह 6.30 बजे ईद उल अजहा की नमाज संपन्न हुई ।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत मैराथन दौड़ में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग




**कवर्धा, 7 जून।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अंतर्गत जिला प्रशासन कबीरधाम एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा आज स्वामी करपात्री मैदान (आउटडोर स्टेडियम) में महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए पृथक-पृथक मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के पश्चात विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ ही, उपस्थित सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। यह आयोजन समाज में नशा के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## जेएलएन अस्पताल के समक्ष सूर्य नमस्कार कलाकृति का अनावरण




**भिलाई, 7 जून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के स्वागत में सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के मुख्य द्वार पर स्थित पं. रविशंकर शुक्ल चौक (सेक्टर-9 चौक) में सूर्य नमस्कार की कलात्मक मूर्ति का अनावरण किया गया। यह कलाकृति भारत की प्राचीन योग परंपरा को समर्पित एक सांकेतिक श्रद्धांजलि है, जिसमें सूर्य नमस्कार के बारह यौगिक आसनों को कलात्मक शैली में दर्शाया गया है। प्रतिमा का अनावरण कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा 6 जून को किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी विजय कुमार बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, अध्यक्ष एन. के. बंछोर तथा ओ.ए. के महासचिव परविन्दर सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।प्रतिमा की डिजाइनिंग टाउन आर्किटेक्ट प्लानिंग सेक्शन, नगर सेवाएं विभाग के उमाशंकर राव द्वारा की गई थी। महाप्रबंधक विष्णु के. पाठक ने संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि सूर्य नमस्कार योग का एक क्रम है जिसमें 12 आसनों का संयोजन होता है, जो श्वसन क्रियाओं, ध्यान और शारीरिक व्यायाम का समन्वय प्रस्तुत करता है। यह स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन के लिए एक संपूर्ण अभ्यास माना जाता है।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन



**भिलाई, 7 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र तत्वाधान में क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2025 का समापन पंत स्टेडियम सेक्टर-1 के फुटबाल ग्राउंड में संध्याकाल सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक सुब्रत मुखोपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे व विशिष्ठ अतिथि के तौर पर कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक डॉ. रविन्द्रनाथ एम, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, ओ.ए. के महासचिव परविन्दर सिंह, महाप्रबंधक विजय कुमार शर्मा एवं पूर्व मुख्य महाप्रबंधक राजीव कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक (जनसंपर्क विभाग) प्रशांत तिवारी, क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं से उप महाप्रबंधक व ओलम्पियन राजेन्द्र प्रसाद, उप महाप्रबंधक राजीव कुमार, उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक, उप प्रबंधक डेनिस क्रिस्टी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण सहित विभिन्न खेलों के प्रतिभागी, उनके अभिभावक गण एवं प्रशिक्षक, शिक्षा विभाग के पीटीआई, विभागीय कार्यकर्तागण एवं अन्य खेल प्रेमी भी उपस्थित थे।

## जेजे आर्ट्स कॉलेज के प्राध्यापक का कलाकारों ने किया सम्मान



**भिलाई, 7 जून।** मुम्बई के प्रसिद्ध सर जेजे आर्ट्स कॉलेज के प्राध्यापक मारुति बाबूराव शेल्के का छत्तीसगढ़ आगमन हुआ। वे संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के ललित कला अकादमी में महाराष्ट्र राज्य से सदस्य तथा बोर्ड मेम्बर हैं। छत्तीसगढ़ आगमन पर यहां के समस्त कलाकारों की ओर से उनका सम्मान मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन ने किया। सिरपुर के विश्व प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर प्रांगण में सम्मान समारोह के दौरान रायपुर से इंजीनियर शिवाजी यादव विशेष रूप से उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने ली जिला टास्क फोर्स की बैठक



**भिलाई, 7 जून।** कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारीगण सीईओ जिला पंचायत, समस्त आयुक्त नगर पालिका निगम, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी व अन्य विभागीय जिला अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग से डॉ. मनोज दानी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. दिव्या श्रीवास्तव जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ. भूमिका वर्मा जिला कार्यक्रम प्रबंधक, समस्त जिला नोडल अधिकारी, भिलाई सेक्टर 9 के डॉक्टर, डब्ल्यूएचओ के सर्विलांस चिकित्सा अधिकारी, आईएमए, आईपीए के अध्यक्ष व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। उक्त जिला टास्क फोर्स की बैठक में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों में होने वाले वैक्सीन प्रीवेंटेबल डिजीज एवं 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को डायरिया से बचाव हेतु स्टॉप डायरिया कैंपेन 2025 के आयोजन के संबंध में जिला नोडल अधिकारी द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर द्वारा समस्त विभाग को निर्देशित किया गया।

# आदतन शातिर अपराधी हीरालाल उर्फ सोनू डाहिरे गिरफ्तार

## कबीरधाम पुलिस की सटीक एवं सख्त कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 7 जून।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया में पदस्थ एक डॉक्टर के साथ अभद्र व्यवहार एवं मारपीट की गंभीर घटना को अंजाम देने वाले आरोपी हीरालाल उर्फ सोनू डाहिरे, पिता भारत डाहिरे, निवासी पंडरिया को कबीरधाम पुलिस ने आज सटीक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।इस संबंध में डॉक्टर द्वारा थाना पंडरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिस पर अपराध क्रमांक 46/2025 धारा 121(1), 132, 296, 226, 115(2), 351(3) भारतीय न्याय संहिता (ब्न्हस) एवं चिकित्सा सेवा एवं चिकित्सा सेवा संस्थान संपत्ति की क्षति एवं हानि की रोकथाम अधिनियम 2010 की धारा 4 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।हीरालाल उर्फ सोनू डाहिरे एक आदतन शातिर अपराधी है, जो वर्ष 2014 से थाना पंडरिया क्षेत्र में लगातार गंभीर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता आ रहा है। वह थाना पंडरिया का निगरानी बदमाश है, जिसके विरुद्ध कई आपराधिक प्रकरण जैसे मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा, शांति भंग करना आदि पूर्व से दर्ज हैं।घटना के पश्चात आरोपी फरार चल रहा था। आज विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि वह अपने घर आया हुआ है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (छ्वक्क) द्वारा त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल के दिशा-निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पंडरिया भूपत सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक नितिन तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आरोपी के घर पर दबिश दी गई।

### प्राणघात हमला आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 7 जून।** भिलाई जामुल बाजार चौक कुरुद में किराए के पैसे की बात को लकर विवाद करने वाले आरोपी अरुण निषाद को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी अरुण निषाद ने तेश में आकर प्राणघात हमला कर दिया था पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चाकू बरामद किया है जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि श्रीशंकराचार्य अस्पताल में भर्ती कुरुद भाठापारा निवासी राहुल यादव उपचार कराते मिला वह बयान देने योग्य नहीं था राहुल के भाई प्रकाश यादव से पूछताछ की गई उसने पुराना किराए के पैसे की बात को लेकर विवाद होना बताया ।

# दुकानों का किराया न पटाने वालों पर होगी कार्रवाई



**भिलाई, 7 जून।** पूर्व विशेष क्षेत्र प्राधिकरण साडा द्वारा प्रमुख स्थलों पर दुकान, चबूतरा निर्माण करके उस समय के आवश्यकता के अनुसार आबंटन प्रक्रिया का पालन करते हुए दुकानें आवंटित की गई थी। यह दुकानें आकाश गंगा व्यावसायिक परिसर, सुपेला स्कूल के पास, चंद्रा मौर्या टॉकीज के सामने सिरसा रोड, कोहका चौक, नेहरू नगर, पावर हाउस सब्जी मंडी, उत्तर गंगोत्री, आकाशगंगा थोक सब्जी मंडी में लगभग 1000 से अधिक दुकानों एवं चबूतरो का निर्माण किया गया था। इसमें से प्रमुख रूप से आकाश गंगा प्रेस कॉम्पलेक्स, व्यवसायिक परिसर, नगर निगम ऑफिस के समीप स्थित दुकानें उनमें से वर्तमान में इंडियन बैंक भी संचालित हो रहा है। दुकान आवंटन करने का उद्देश्य था कि उस समय के बेरोजगार लोगों को रोजगार प्रदान करने हेतु स्थान उपलब्ध कराना। जैसे-जैसे दुकानें निर्मित होती गई, उस समय के योजना के अनुसार दुकानें आवंटित की गई है। दुकानों का अनुबंध के अनुसार प्रतिमाह किराया निर्धारित किया गया था। जो उस समय के बाजार की उपलब्धता एवं पैसे के मूल्य के हिसाब से किराया तय किया गया था। 110, 300, 648 रुपये जो आज के वर्तमान परिपेक्ष्य में बहुत ही कम है। साथ में यह भी अनुबंध था कि प्रत्येक दुकान के किराये में 5 वर्ष बाद 10 प्रतिशत की वृद्धि करना था। कुछ दुकानदार ऐसे भी हैं, जो दुकान का किराया सन 1992 से जमा नहीं कर रहे हैं। कुछ लोग पुराने दर पर ही किराये की राशि अभी तक जमा कर रहे हैं। जब उनके द्वारा खरीदी-ब्रिकी या लीज नवीनीकरण करवाया जाता है, तब निगम के राजस्व विभाग द्वारा पूर्व राशि का गणना करके किराया लिया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने राजस्व विभाग के राजस्व अधिकारी एवं संबंधित योजनाओं के कर्मचारियों को बुलाकर फाईलों का अवलोकन किया। प्रत्येक योजना की फाईल के निर्धारित नियम एवं शर्तों को पढ़ने के बाद उन्हे ज्ञात हुआ कि बरसों से दुकान का किराया लंबित है, इसका अनदेखी हो रहा था। उन्होंने राजस्व अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारियों को तुरंत निर्देशित किए कि सभी को तत्काल नोटिस जारी किया जाये। इससे निगम को बहुत क्षति हो रही है। निगम के टैक्स वसूलने वाली एजेंसी के ऊपर नाराजगी व्यक्त कर रहे थे, उसे अपना सॉफ्टवेयर अपडेट करने को आदेशित किये। अच्छे-अच्छे मार्केट क्षेत्रों में दुकान होने के बाद भी किराया नहीं जमा किया जा रहा है। कुछ ऐसे भी व्यापारी हैं जो आवंटित दुकान को किराए में चला रहे हैं। जो नियम विरुद्ध है। व्यापारियों द्वारा आवंटित दुकान में व्यापार किया जा रहा है, लेकिन किराया नहीं जमा किया जा रहा है। ऐसे सभी लोगों को 15 दिवस के अंदर अपने सभी बकाया राशि को जमा कर दें अन्यथा निगम द्वारा उनके ऊपर कार्यवाही करेगा।

### जिला स्वच्छता भारत मिशन (ग्रामीण) प्रबंधन समिति की बैठक 10 जून को

**दुर्ग, 7 जून ।** जिला स्वच्छता भारत मिशन (ग्रामीण) प्रबंधन समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में 10 जून 2025 को दोपहर 12.30 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

बैठक में पिछली बैठक का पालन प्रतिवेदन, मॉडल ग्राम पंचायत बनाये जाने की 10 बिन्दुओं पर समीक्षा, प्लास्टिक वेस्ट मेनेजमेंट यूनिट के क्रियान्वयन की समीक्षा, फिकल स्लज मेनेजमेंट यूनिट के क्रियान्वयन की समीक्षा एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में संबंधित विभाग के प्रमुखों को निर्धारित समयानुसार उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा है।

# अवैध गुटखा फैक्ट्री में खाद्य विभाग का छापा, डेढ़ करोड़ से ज्यादा का माल जब्त



**दुर्ग, 7 जून।** दुर्ग जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बिना लाइसेंस संचालित गुटखा फैक्ट्री में छापामार कार्रवाई कर डेढ़ करोड़ से अधिक का माल जब्त किया। अधिकारियों ने गुटखा फैक्ट्री संचालक के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।खाद्य एवं औषधि विभाग के मुताबिक उन्हें लगातार यह जानकारी मिल रही थी कि दुर्ग जिले के ग्राम कोनारी में कोमल फूड प्रोडक्ट नाम से एक फैक्ट्री है। वहां बिना लाइसेंस के गुटखा तैयार किया जा रहा है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह को दी।कलेक्टर के निर्देश पर उन्होंने एक टीम गठित की। इसके बाद 4 जून को टीम ग्राम कोनारी स्थित कोमल फूड प्रोडक्ट नाम की फैक्ट्री में छापा मारने पहुंची। टीम ने पहुंचते ही पूरी फैक्ट्री को सील कर दिया। इसके बाद जब फैक्ट्री के अंदर की जांच की गई तो उसके अंदर कच्ची खड़ी सुपारी और कच्ची कटी सुपारी जब्त की गई। खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारियों ने फैक्ट्री के अंदर से सुपारी का सैंपल कलेक्ट किया। इसके बाद उस सैंपल को जांच के लिए रायपुर स्थित लैब भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करेंगे।

### अवैध गुटखा फैक्ट्री को किया गया सील

इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रिचा शर्मा के साथ जिले के अन्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारद खोमरे, खीरसागर पटेल, लैब टेक्नीशियन प्रकाश परमार, सैंपल सहायक कामिनी महेश्वरी शामिल रहे।

### तंबाकुयुक्त जर्दा बनाने की आशंका

फैक्ट्री के अंदर बिना लाइसेंस अवैध तरीके से गुटखा तो तैयार किया ही जा रहा था, लेकिन ऐसी आशंका जताई जा रही थी कि यहां तंबाकू युक्त गुटखा तैयार किया जा रहा था। रायपुर स्थित लैब में जांच के बाद यह पता चल जाएगा कि सुपारी में तंबाकू के अवशेष हैं या फिर नहीं।

### फैक्ट्री संचालक को किया गया तलब

फैक्ट्री को सील करने के बाद खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारी 6 जून को फिर से कोमल फूड प्रोडक्ट फैक्ट्री पहुंचे। वहां उन्होंने फैक्ट्री संचालक को तलब किया। फैक्ट्री संचालक के खिलाफ फैक्ट्री को खुलवाया गया। इसके बाद गवाहों के सामने कटी और खड़ी सुपारी को सील कर पंचनामा तैयार किया गया।इतना माल किया गया जब्त,खड़ी सुपाड़ी (कच्ची) 1050 बोरी कुल 52500 किलोग्राम। कीमत 1 करोड़ 20 लाख 75 हजार रुपएकटी सुपाड़ी (कच्ची) 247 बोरी कुल 12350 किलो ग्राम, कीमत 33 लाख 34500 रुपए कुल जब्ती की कीमत 1 करोड़ 54 लाख 9500 रुपए।

# धारदार हथियार से की पत्नी की हत्या



**बिलासपुर, 7 जून।** बिलासपुर के बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम केशला में एक बुजुर्ग व्यक्ति ने धारदार हथियार से अपनी पत्नी की हत्या कर दी उसके बाद खुद फांसी पर लटक गया। मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, इसके साथ ही पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

जिले के बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम केशला में शुक्रवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां एक 75 वर्षीय बुजुर्ग ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी, जिसके बाद वह खुद फांसी पर झूल गया। पुलिस ने दोनों के शव को पीएम के लिए भेज दिया है। साथ ही पुलिस घटना की जांच कर रही है। ऐसा बताया जा रहा है कि बेटे की मौत के बाद से बुजुर्ग परेशान रहा करता था।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम केशला निवासी 75 वर्षीय घनश्याम साहू का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। वहीं, उसकी 63 वर्षीय पत्नी इंदिरा साहू का शव खून से लथपथ हालत में बेड पर पड़ा था। इसकी जानकारी सबसे पहले मृतक के बेटे रविशंकर को मिली, उसने पड़ोसियों और पुलिस को इसकी दी। सूचना मिलते ही बिल्हा थाना पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस के अनुसार, इंदिरा साहू के शरीर पर गंभीर चोट के निशान हैं, जिससे प्रथम दृष्टया यह आशंका जताई जा रही है कि उनकी हत्या की गई है। आशंका है कि पहले पत्नी की हत्या कर घनश्याम साहू ने आत्महत्या कर ली।पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में मृतक के बेटे रविशंकर साहू ने बताया गया कि वे दो भाई और एक बहन थे।

कोविड संक्रमण के दूसरे दौर में उन्हें और उनके पिता के साथ ही उनके मंझले भाई रमेश कोरोना पॉजिटिव हो गए थे। इलाज के बाद रविशंकर और उनके पिता ठीक हो गए। बीमारी में उनके मंझले भाई की मौत हो गई। इसके बाद से उनके पिता का व्यवहार बदल गया था। वे छोटी-छोटी बातों को लेकर उग्र हो जाते थे। वे घर के लोगों को जान से मारने की धमकी और घर से निकल जाने के लिए कहते थे। उन्होंने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि उनके पिता ने ही मां की हत्या कर आत्महत्या कर ली है।

# ऑपरेशन सिंदूर से हम मजबूत और ताकतवर राष्ट्र के रूप में उभरे हैं : रमन

■ ऑपरेशन सिंदूर हमारे संकल्प, हमारे साहस और बदलते भारत की तस्वीर है




**रायपुर, 7 जून।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिन्द्र सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में ऑपरेशन सिंदूर, संकल्प, वोकल फॉर लोकल विषय पर प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन का आयोजन मैक कॉलेज ऑडिटोरियम, रायपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय डॉ. रमन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शासन, कार्यक्रम अध्यक्ष माननीय सुनील सिंघी, अध्यक्ष, राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार), तथा विशिष्ट अतिथि माननीय राजेश मूणत, विधायक रायपुर पश्चिम, एवं माननीय अमर पारवानी, राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं सदस्य, राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत आर्थिक दृष्टि से दुनिया में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए वोकल फॉर लोकल के आह्वान की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में बनी टेक्नोलॉजी, उपकरण और हथियारों में आत्मनिर्भर भारत की झलक है। ÷हमारे इंजीनियर, टेक्निशियन और श्रमिकों का पसीना इस सफलता का आधार है। यह अभियान पूरे देश में ऊर्जा और आत्मविश्वास भरने वाला है। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुनील सिंघी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया, वह अभूतपूर्व है। आतंकवाद के खिलाफ देश का यह संकल्प और एकजुटता ही भारत की असली ताकत है। उन्होंने व्यापारियों को शपथ दिलाई तथा यथासंभव स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने हेतु आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि राजेश मूणत ने अपने संबोधन में कहा कि ÷भारत की असली ताकत है जन-मन का जुड़ाव और जन-भागीदारी। यदि हम सभी अपने जीवन में जहां संभव हो, देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता दें, तो यह सिर्फ आर्थिक आत्मनिर्भरता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी होगी। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी ने कैट की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से रखा जाएगा।

## एक नजर

### बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सीएम साय से की मुलाकात



**रायपुर , 7 जून।** छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने आज नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच छत्तीसगढ़ में खेलों के विकास, केंद्र-राज्य समन्वय और युवाओं को प्रोत्साहित करने संबंधी विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि उनके अनुभव से देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ को भी लाभ मिलेगा। शुक्ला ने राज्य में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### ईद-उल-अजहा सिर्फ कुर्बानी नहीं, जिम्मेदारी और इंसानियत का पैगाम है: शकील

**राजनांदगांव, 7 जून।** ईद-उल-अजहा के मुबारक मौके पर जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील साहब ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुस्लिम समाज से अपील की है कि वे कुर्बानी को शरीअत के दायरे में रहकर, सादगी और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ अंजाम दें। हाजी रईस अहमद शकील ने कहा कुर्बानी अल्लाह की रज़ा के लिए की जाती है। इसे किसी भी तरह के सार्वजनिक असुविधा का कारण न बनने दें। उन्होंने समुदाय के नाम अपनी अपील में निम्न बिंदुओं पर विशेष जोर दिया कुर्बानी केवल घरों या प्रशासन द्वारा तय स्थानों पर ही करें सड़कों, गलियों या सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी न की जाए सोशल मीडिया पर कुर्बानी की तस्वीरें या वीडियो पोस्ट करने से परहेज़ करें सफाई का विशेष ध्यान रखें, कुर्बानी का हिस्सा जरूरतमंदों तक आदब और सलीके से पहुँचाएँ कानून व प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करें हर हाल में समाज के अन्य धर्मों की भावनाओं का सम्मान करें।



### आठवीं पास युवाओं को दिया जाएगा सुरक्षा गार्ड का निःशुल्क प्रशिक्षण

**धमतरी, 07 जून।** राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में सुरक्षा गार्ड का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आठवीं पास, न्यूनतम 5 फीट 6 इंच वाले पुरूष युवा आगामी 12 जून तक आवेदन कर सकते हैं। सहायक परियोजना अधिकारी, लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि इच्छुक आवेदक शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज फोटो आदि दस्तावेज के साथ सुबह 10 से शाम साढ़े पांच बजे तक सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में आवेदन जमा कर सकते हैं।

### पंजीयन शिविर 10 जून को देवरी में

**धमतरी, 07 जून।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में विभिन्न कोर्सों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्तमान में सुरक्षा गार्ड का प्रशिक्षण शुरू किया जाना है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के इच्छुक युवाओं का चयन के लिए ग्राम पंचायत देवरी में आगामी 10 जून को शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 से शाम 5 बजे से ग्राम पंचायत भवन देवरी मे आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के युवाओं का कौशल प्रशिक्षण के लिए पंजीयन किया जाएगा।

### निर्यात संवर्धन कार्यक्रम के तहत आयोजित की गई एक दिवसीय कार्यशाला

**धमतरी, 07 जून।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र धमतरी द्वारा रेजिन एण्ड एक्सेलिरेटिंग एमएसएमई परफार्मेंस के अंतर्गत भारतीय विदेश व्यापार संस्थान कोलकाता के सहयोग से आज एक दिवसीय निर्यात जागरूकता एवं मार्गदर्शन पर कार्यशाला आयोजित की गयी। स्थानीय होटल में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य एमएलएमई एवं संभावित निर्यातकों को निर्यात प्रलेखन, प्रक्रियाएं, बाजार तथा सरकारी योजनाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान कर उनकी निर्यात क्षमताओं को सुदृढ करना है। महापबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के सुरेन्द्र पुरी गोस्वामी द्वारा कार्यक्रम में जिले को एक निर्यात केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए उद्यमियों, शासकीय एजेन्सियों, जिले के निर्यातक, उद्योग एवं व्यापार संगठनों, बैंक, कृषक उत्पादक संगठन, स्व सहायता समूह संगठन वनधन संगठन एवं स्वयं सेवी संस्थाओं को भारत सरकार द्वारा किये जा रह प्रयासों एवं सुविधाओं के संबंध में अवगत कराया गया। इसके साथ ही औद्योगिक विकास नीति में निर्यात प्रोत्साहन अनुदान के विषय में भी जानकारी दी गयी।

### मुख्यमंत्री साय ने पीएम मोदी से की भेंट

# छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों और नक्सल उन्मूलन पर हुई चर्चा



**रायपुर 07 जून।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से आत्मीय भेंट कर उन्हें केंद्र सरकार के सफल 11 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व नए भारत की आत्मनिर्भरता और सामर्थ्य का प्रतीक है, जिसने वैश्विक मंच पर मां भारती का मान बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ में उनकी सरकार प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दी गई हर गारंटी को पूरी निष्ठा के साथ पूरा कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में विकास के कार्यों में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है जिसका सकारात्मक परिणाम प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप धरातल पर स्पष्ट दिख रहा है। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री को राज्य में नक्सल उन्मूलन के लिए चल रही कार्रवाइयों और रणनीति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बस्तर जैसे नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में अब शांति और सुरक्षा का माहौल बन रहा है और विकास के नए द्वार खुल रहे हैं।

सुरक्षाबलों के अदम्य साहस और निरंतर प्रयासों से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट की सराहना की और छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों को और गति देने के लिए अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सान्निध्य 'विकसित छत्तीसगढ़' और 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए एक नई ऊर्जा प्रदान करता है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय गृहमंत्री से की मुलाकात

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में माओवादी विरोधी अभियानों की अब तक की सफलताओं और बस्तर अंचल में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा तथा मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार की नई रणनीति और केंद्र के सहयोग से नक्सल उन्मूलन अभियान को निर्णायक मोड़ पर पहुंचाया गया है। विगत डेढ़ वर्ष में चलाए गए सघन अभियानों के सकारात्मक परिणाम मिले हैं। 1,428 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है, जो बीते पांच वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है। मुख्यमंत्री साय ने अवगत कराया कि 205 मुठभेड़ों में 427 माओवादी मारे गए, जिनमें संगठन के शीर्ष नेता महासचिव बसवा राजू और सेंट्रल कमेटी सदस्य सुधाकर जैसे कुख्यात माओवादी शामिल हैं। इसके साथ ही, राज्य में 64 नए फॉरवर्ड सुरक्षा कैंपों की स्थापना की गई है, जिससे सुरक्षा नेटवर्क मजबूत हुआ है। उन्होंने बताया कि इन सुरक्षा कैंपों के आसपास बसे गांवों तक अब बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं और स्कूल जैसी बुनियादी सुविधाएं तेजी से पहुँचाई जा रही हैं। 'नियद नेल्लानार योजना' के अंतर्गत चिन्हित 146 ग्रामों में एकीकृत रूप से 18 प्रकार की सामुदायिक सेवाएं और 25 प्रकार की शासकीय योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। जिससे स्थानीय लोगों का विश्वास शासन तंत्र में बढ़ा है। गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री साय द्वारा प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों से माओवादी गतिविधियों पर निर्णायक नियंत्रण संभव हो रहा है और केंद्र सरकार राज्य को हर संभव सहायता देती रहेगी।



# 10463 स्कूल बंद करना शिक्षा विरोधी रोजगार विरोधी कदम है: कांग्रेस

■ युक्तियुक्तकरण को लेकर कांग्रेस ने प्रेसवार्ता में प्रदेश सरकार को अनुपलब्धियां गिनाई




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 7 जून।** प्रदेश की भाजपा सरकार 10463 स्कूल बंद करने जा रही और शिक्षा विरोधी व रोजगार विरोधी कदम है को लेकर आज 06 जून को प्रेसवार्ता लेकर भाजपा सरकार पर कई निशान साधे। प्रेसवार्ता को रायपुर के पूर्व महापौर व सभापति प्रमोद दुबे ने लेते हुए कहा कि सीधे कहा जाए तो सरकार युक्तिकरण कर 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त कर रही है, जिसका कांग्रेस संगठन विरोध करती है। युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी, शिक्षा विरोधी कदम है। इससे प्रदेश में 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिये गये है, नये सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती करके शिक्षकों के हजारों पद खत्म कर दिया गया है। रमन सरकार के दौरान भी प्रदेश में 3300 से अधिक स्कूलों को बंद किया गया था, 12000 शिक्षकों के पद को खत्म किया गया था। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में प्राइमरी स्कूलों में 21 छात्रों के बीच एक शिक्षक है, इन अनुपात को बढ़ाकर 30 छात्र प्रति शिक्षक और इसी तरह मीडिल में 26 छात्र प्रति शिक्षक के रेसियों से बढ़ाकर 35 छात्र प्रति शिक्षक किया जा रहा है। जिससे शिक्षकों के एक तिहाई पद खत्म हो जायेंगे। नये शिक्षकों की भर्तियां न करनी पड़ी इसलिए युक्तियुक्तकरण कर रही साय सरकार। सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने साय सरकार ने षडयंत्र रचा है।

### नीले-ड्रम में दफनाने की धमकी देकर ब्रॉयफ्रेंड संग भागी पत्नी

**कोरबा, 7 जून।** कोरबा में एक महिला ने अपने पति और दो बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ जाने का फैसला किया है। महिला ने 7 साल पहले लव मैरिज की थी, जिससे उसके दो बच्चे भी हैं। इसी बीच उसका दूसरे युवक के साथ अफेयर हो गया। जब उसके पति को इसके अफेयर के बारे में पता चला तो उसने विरोध किया। इस पर महिला ने धमकी देते हुए कहा, अगर उसे प्रेमी के साथ जाने नहीं दिया गया तो उसका भी 'नीले ड्रम' की घटना जैसा हश्र होगा। इतना ही नहीं उसने रोकने पर बच्चों को जान से मारने की भी धमकी दे डाली। वहीं इस घटना के बाद परेशान पति ने मीडिया के सामने लोगों को सलाह दी है कि लव मैरिज कभी मत करना। पति और बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ चले गई पत्नी। यह घटना मानिकपुर पुलिस चौकी की है। जानकारी के अनुसार, संजय जांगड़े (26) स्श्वष्टरु की आउटसोर्सिंग कंपनी में ड्राइवर है। उसने 2017 में रुखसाना बानो (24) से लव मैरिज की थी। शुरुआत में दोनों अपनी लाइफ से काफी खुश ?थे। लेकिन पिछले कुछ समय बाद रुखसाना का व्यवहार बदल गया था। इस पर संजय को कुछ शक हुआ।

# छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने ली पर्यटन समिति की बैठक

■ धमतरी जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएंए इन्हें योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जायेगाः शर्मा

**धमतरी 07 जून।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा ने आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में पर्यटन समीक्षा बैठक ली और जिले के पर्यटन क्षेत्रों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि धमतरी जीवनदायिनी महानदी के साथ ही सप्तऋशियों की तपोभूमि भी है। यहीं से महानदी का उद्गम हुआ हैए जिसका पानी सिंचाई के साथ ही कारखानों और बिजली उत्पादन के लिए भी प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि धमतरी जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं है। यहां रविशंकर सागर जलाशय गंगरेल बांध सहित एशिया का एकमात्र सायफन सिस्टम वाला माडमसिल्लीए सिहावा का श्रृंगऋषि पर्वतए कर्णेश्वर महादेवए सप्तऋषिए नरहरा जलप्रपातए जबर्रा हिल्स और वनों से आच्छादित नगरी विकासखण्ड लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। श्री शर्मा ने कहा कि आज की बैठक में जिले के ऐसे पर्यटन स्थलए जहां अधिक संख्या में पर्यटक आते हैंए उनकी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और उपस्थित जनप्रतिनिधियों तथा समिति के सदस्यों ने सुझाव भी दिये हैं। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री गौकरण साहूए पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू सहित मैनेजिंग डायरेक्टर छ्ग्ग् टूरिज्म बोर्ड श्री विवेक आचार्यए पुलिस अधीक्षक श्री सूरजिंसह परिहारए डीएफओ श्री कृष्ण जाधव और जिला पर्यटन समिति के सदस्य व अधिकारीगण उपस्थित थे।



### लंबे समय से फरार चल रहें अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 7 जून।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के द्वारा लंबित स्थायी ,गिरफ्तारी वारटियो एवं आपराधिक व असमाजिक तत्वो के विरूद्व कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन पर थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में थाना स्तर पर पृथक-पृथक टीम गठित कर थाना बसंतपुर क्षेत्रान्तर्गत के लंबित स्थायी ,गिरफ्तारी वारटियो एवं असामाजिक तत्वो के विरूद्व प्रभारी कार्यवाही हेतु टीम गठित कर गठित टीम द्वारा गिरफ्तारी वारंटी जो लंबे समय से कोर्ट के समक्ष पेश नही हो रहे थे। जिनके विरूद्व माननीय न्यायालय से गिरफ्तारी हेतु वारंट प्राप्त हुआ था। जिन्हे गठित टीम के द्वारा घेराबंदी कर पकडा गया। सभी को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश गया। साथ ही मुखबीर से सूचना पर आरोपी अभिषेक मेश्राम कोढीखाना बस्ती अंदर अवैध रूप से धन अर्जित करने की गरज से अवैध रूप से शराब बिक्री करता था।

# स्वास्थ्य मंत्री ने मातृ एवं शिशु अस्पताल रायपुर का किया निरीक्षण

■ अस्पताल की सुविधाओं का लिया जायजा, मरीजों और परिजनों से की बातचीत

■ परिजनों के लिए प्रतीक्षा हॉल के निर्माण की घोषणा



**रायपुर, 7 जून।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज रायपुर में कालीबाड़ी स्थित मातृ एवं शिशु अस्पताल का निरीक्षण किया। जायसवाल ने संपूर्ण अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रसव पूर्व निगरानी कक्ष, पोषण पुनर्वास केंद्र समेत अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से भी बात की और अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली।

जायसवाल ने निरीक्षण के पश्चात अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकीय स्टाफ की बैठक लेते हुए उन्हें मरीजों के हित में और बेहतर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अस्पताल में मरीजों के हित में फैसला लेते हुए बैठक के दौरान अस्पताल के लिए 4 मेडिकल ऑफिसर, 25 स्टाफ नर्स, 10 वार्ड आया, 5 वार्ड बॉय, 2 लैब टेक्निशन और 2 लैब असिस्टेंट की पदस्थापना की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि अस्पताल परिसर में विधायक निधि से जेनेरिक मेडिकल स्टोर भी जल्द खुलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल में मरीजों की आवश्यकता और उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए परिजनों के लिए प्रतीक्षा कक्ष के निर्माण और अस्पताल के द्वितीय तल पर स्थित हॉल में और कंडीशनर लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी भी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत बेटियों ने किया पौधारोपण




**धमतरी 07 जून।** जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (एक पेड़ बेटी के नाम) के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग मे महिला सशक्तिकरण केन्द्र की टीम के द्वारा ग्राम लोहरसी के पंचायत परिसर में ग्राम के सरपंच, पंच एवं अन्य जन प्रतिनिधि के साथ पौधा रोपण किया गया एवं आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 एवं 04 में किशोरी बालिकाओं के द्वारा पौधारोपण करवाया गया, मिशन शक्ति अंतर्गत दोनों आंगनवाड़ी केंद्रों में किशोरी बालिकाओं के द्वारा विभिन्न सब्जियों के बीज लगवाकर पोषण वाटिका बनवाया गया। मिशन शक्ति की विभिन्न योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्या, लैंगिक असमानता, शक्ति सदन, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्प लाइन 181, पोपण एवं मासिक धर्म स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई एवं महिला बाल विकास विभाग की सभी योजनाओं का ब्रोशर वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच मती महेश्वरी, पंच एवं ग्राम के अन्य जनप्रतिनिधि, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महायिका किशोरी बालिकाएं महिला सशक्तिकरण केन्द्र से मती विन्देश्वरी माहू-जिला समन्वयक, मती प्रियंका गंजीर उपस्थित थे।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने साल्हेटोला सोसायटी का किया निरीक्षण

**छुरिया, 7 जून।** जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष मती किरण रविन्द्र वैष्णव खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत साल्हेटोला में चावल वितरण केन्द्र (सोसायटी)का निरीक्षण कर हितग्राहीयो से चर्चा मुलाकात कर की। जिला पंचायत अध्यक्ष मती किरण रविन्द्र वैष्णव ने चर्चा करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय जी के सरकार ने राज्य के गरीब और जरूरतमंद परिवारों को राहत देने के उद्देश्य से %चावल उत्सव 2025% की घोषणा की है। इस योजना के अंतर्गत 1 से 7 जून 2025 तक राज्य के सभी राशनकार्डधारी परिवारों को एकमुश्त तीन महीने (जून, जुलाई, अगस्त) का चावल वितरित किया जाएगा। यह योजना छत्तीसगढ़ में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।मानसून के मौसम में अक्सर दूरदराज और ग्रामीण इलाकों तक राशन की आपूर्ति में बाधा आती है। इस स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है कि बारिश से पहले ही तीन महीने का राशन वितरित कर दिया जाए, जिससे किसी भी परिवार को संकट का सामना न करना पड़े। मती किरण वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 1 रू किलो में चावल देने की योजना की शुरुआत विकास पुरुष आदरणीय डा रमन सिंह जी की भाजपा सरकार में शुरू की गई।



### प्राकृतिक तरीके से खेती करे तो खाद व दवाइयों की आवश्कता नही होगीः संजय



**छुरिया, 7 जून।** छुरिया विकासखंड में केंद्र सरकार व राज्य सरकार के विशेष सहयोग से विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है,इस अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत नांदियाखुर्द में कृषि विभाग,पशुधन विभाग,उद्यानिकी विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों वैज्ञानिकों के टीमों ने बीजों उपचार,परंपरागत खेती,जैविक खेती के संबंध में किसानों को जानकारी दे रहे है । इस अवसर पर मुख्यरूप से संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया उपस्थित रहे । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिन्हा ने कहा कि यदि हम प्राकृतिक तरीके से खेती की जाए तो हमें बाहर खाद व दवाइयों की जरूरत नहीं पड़ेगी । जंगल में रासायनिक खादों को डालने की जरूरत क्यों नहीं पड़ती,यदि आप जंगल में जाएं या खेत की मेड़ पर देखें तो वहां आपको फलों से लदे हुए आम, बेर, जामुन या इमली के विशालकाय पेड़ खड़े दिखाई देंगे,सरकार खेती में नवाचार को बढ़ावा दे रही है । इस कार्यक्रम को जनपद सदस्य उभे राम मंडावी, भानबाई मंडावी, सुनीता सेवता ने भी संबोधित किया। इस अवसर अनुसुइया आंचले सरपंच,संजय सिन्हा उपसरपंच,राधाबाई यूके,अनिता कुंजाम,हुलेसिया बाई,जगत सिन्हा,संतोष सिन्हा,मोती सिन्हा,भागचंद डोंगरे,रामनाथ सिन्हा सहित अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### मंच निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन मे पहुंचे जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा



**छुरिया, 7 जून।** छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत आमगांव के प्राथमिक शाला प्रांगण में मंच निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया । इस अवसर पर मुख्यरूप से संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया व उभे राम मंडावी जनपद सदस्य ,मती भान बाई मंडावी जनपद सदस्य मौजूद रहे । भूमिपूजन का कार्य गौरी गणेश के पूजा अर्चना कर किया गया । इस मंच निर्माण के लिए स्थानीय जनपद सदस्य ने जनपद अध्यक्ष से उपरोक्त कार्य को स्वीकृत कराने हेतु निवेदन किया था ,जिस पर अमल करते हुए सिन्हा ने 15 वे वित्त मद से अनुसंशा कर राशि स्वीकृत किए है, जिसका भूमिपूजन किया गया । इस अवसर पर शाला प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया । इस अवसर पर राकेश वाल्दे सरपंच,मायाराम पदोती ग्राम पटेल,खेमलाल मंडावी,शिव कुमार लौत्रे,दिनेश मंडावी पंच,रोहित लाल वर्मा सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### जल वितरण संचालक में प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग 13 जून को

**धमतरी, 07 जून।** जल जीवन मिशन के तहत पंचायतों द्वारा चिन्हित पात्र युवाओं को नलजल मित्र के तहत बहु कौशल प्रशिक्षण के लिए जल वितरण संचालक कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आगामी 13 जून को सुबह 10 बजे से लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में काउंसिलिंग सह पंजीयन होगा। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज अबिनाश मिश्रा ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया है कि वे अपने जनपद क्षेत्र से पंचायतों में नल जल मित्र कार्यक्रम के तहत चिन्हित पात्र ऐसे युवा, जिनका प्रशिक्षण नहीं हुआ है, उन्हें इस काउंसिलिंग सह पंजीयन के लिए उपस्थित कराना सुनिश्चित करें, ताकि शासन की मंशा अनुरूप जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चयनित नलजल मित्रों का जल्द से जल्द प्रशिक्षण शुरू किया जा सके।

## संपादकीय

# विकास की नई इबारत लिखता चिनाब सेतु

भारत के बुनियादी ढांचे के इतिहास में अगर किसी परियोजना को 'आधुनिक इंजीनियरिंग का चमत्कार' कहा जाए, तो जम्मू-कश्मीर में बना चिनाब सेतु निश्चित रूप से उस उपाधि का सर्वाधिक हकदार है। यह केवल एक पुल नहीं है – यह भारत की इंजीनियरिंग शक्ति, आत्मनिर्भरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकासोन्मुख नेतृत्व की जीवंत मिसाल है। यह वह सपना है जो दशकों तक केवल कागजों पर रहा, परंतु मोदी सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति और स्पष्ट विकास दृष्टि के चलते अब धरातल पर हकीकत बन चुका है।

चिनाब नदी पर बना यह सेतु न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे पुल है – जो एफिल टॉवर से भी ऊँचा है। इसकी ऊंचाई 359 मीटर है, जो इसे विश्व इंजीनियरिंग के इतिहास में एक कीर्तिमान बना देती है। प्रधानमंत्री मोदी के "न्यू इंडिया" की परिकल्पना में जिस प्रकार से विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दी गई है, चिनाब सेतु उसी का मूर्त रूप है।

जम्मू-कश्मीर वर्षों तक भारत की मुख्यधारा से विकास के लिहाज़ से पीछे रह गया। लेकिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते एक दशक में इस क्षेत्र में जिस तरह से बुनियादी ढांचे का विस्फोट हुआ है, वह अभूतपूर्व है। चिनाब सेतु ने न केवल कश्मीर घाटी को रेल मार्ग से जोड़ने की दिशा में बड़ी छलांग लगाई है, बल्कि यह वहां के सामाजिक और आर्थिक ताने-बाने को भी मज़बूती देगा। यह पुल न केवल नागरिक उपयोग के लिए बल्कि देश की सामरिक क्षमता के लिहाज़ से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुर्गम पहाड़ी इलाकों में तेज़ी से सेना की तैनाती सुनिश्चित करना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है, और यह पुल उसमें एक गेमचेंजर सिद्ध होगा। मोदी सरकार की "सुरक्षित सीमाएं, सशक्त राष्ट्र" की नीति को यह परियोजना सार्थकता प्रदान करती है।

जहाँ दुनिया की कई बड़ी परियोजनाएं विदेशी सहयोग पर आधारित होती हैं, वहीं चिनाब सेतु स्वदेशी इंजीनियरिंग प्रतिभा, संसाधनों और तकनीक का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी के 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को इस परियोजना ने एक ठोस आधार दिया है। यह भी याद रखना आवश्यक है कि इस पुल की नींव वर्ष 2004 में रखी गई थी, लेकिन वर्षों तक यह परियोजना केवल कछुआ गति से चलती रही। 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद जिस प्रकार से इस परियोजना को प्राथमिकता दी गई, समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित किए गए और निगरानी की गई – वह मोदी सरकार की नतीजा-प्रधान शासन शैली को दर्शाता है। यह कार्यशैली ही है जिसने इस सपने को साकार किया। चिनाब सेतु केवल कंक्रीट, स्टील और नट-बोल्ट का पुल नहीं है – यह नए भारत की आकांक्षा, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का पुल है। यह नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की उस विकास यात्रा की पहचान है, जो केवल महानगरों तक सीमित नहीं, बल्कि सीमाओं, घाटियों और हर कोने को विकास से जोड़ने की दिशा में अग्रसर है। जब इतिहासकार भविष्य में भारत की प्रगति का विश्लेषण करेंगे, तो चिनाब सेतु जैसे प्रतीक उन्हें याद दिलाएंगे कि यह देश कठिन से कठिन राहों पर भी विकास की राह बना सकता है – बशर्ते उसके पास मोदी जैसा दूरदर्शी और निर्णायक नेतृत्व हो।

## राजनीत

# राजनीति को नई दिशा देते विपक्षी दलों के नये चेहरें

ललित गर्ग



सिंदूर ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है और इन दलों में विपक्षी दलों के सांसद एवं नेताओं ने भारत का पक्ष बिना आग्रह, दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के दुनिया के सामने रखा, उसकी जितनी सराहना की जाये, कम है। इन विपक्षी नेताओं ने विदेश में भारतीय राष्ट्रवाद को सशक्त एवं प्रभावी तरीकों से व्यक्त किया। देश ने इन नेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते और एक लय में आगे बढ़ते देखा, जबकि संसद में वे केवल आपस में लड़ते दिखलाई देते थे। यह सराहनीय पहल भारत के लिये एक बड़ी उपलब्धि बनी है, जो भारत की भविष्य की राजनीति के भी नये संकेत दे रही है। क्योंकि इसने भारत में एक नए एवं सकारात्मक राजनीतिक नेतृत्व को उभरता हुआ दिखाया है। यूं तो सात दलों के सभी सदस्यों ने भरपूर तरीके से शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का पक्ष रखकर दुनिया को भारत के पक्ष में करने की सार्थक पहल की है, लेकिन कांग्रेस के शशि थरूर एवं एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी एक नये किरदार में नजर आये हैं। थरुर को लेकर कांग्रेस पार्टी में प्रारंभ से ही विरोध एवं विरोधाभास की स्थितियां बनी हुई।

विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं। वे एक ऐसे कूटनीतिज्ञ राजनेता हैं, जो अपने राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन करना जानते हैं। वे एक ऐसे स्वतंत्र सोच एवं साहसी निर्णय लेने वाले नेता भी हैं जो अपनी पार्टी के रुख से अलग भी स्टैंड लेते रहे हैं। लेकिन ताजा सन्दर्भों में वे कांग्रेस के लिए अब असहज सच्चाई बन गए हैं। क्योंकि थरूर ने वह सब कुछ किया है जिसकी पार्टी में इजाजत नहीं है। प्रतिनिधिमण्डल में थरूर के नाम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी, क्योंकि कांग्रेस ने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। थरूर ने कहा था- मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जब भी राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा।' थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर कहा- जब आप देश की सेवा कर रहे हों, तब ऐसी चीजों की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए। हमारे राजनीतिक मतभेद भारत के बॉर्डर के बाहर जाते ही खत्म हो जाते हैं। सीमा पार करते ही हम पहले भारतीय होते हैं। थरूर इन दिनों अमेरिकी सहित कई देशों के दौरे पर हैं, जहां वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बने मल्टी पार्टी



डेलीगेशन को सुपर लीड कर रहे हैं। सरकार के समर्थन में बोलने पर कांग्रेस के अनेक नेता थरुर की खिंचाई करने में जुटे हैं। उन्हीं में एक नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता तक बता दिया है। जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान युद्धविराम को लेकर लगातार हमलावर हैं। 4 जून 2025 को राहुल गांधी ने तब हद ही कर दी जब उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। इतना ही नहीं ये सब कहने का अंदाज भी उनका इतना खराब था कि जैसे कोई दुश्मन देश का बंदा बोल रहा हो। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि, मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं, इनको थोड़ा सा दबाओ तो डर कर भाग जाते हैं। राहुल ने आगे कहा, उधर से ट्रंप ने फोन किया और इशारा किया कि मोदीजी क्या कर रहे हो? नरेंदर, सरेंडर और 'जी हुजूर' करके मोदीजी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। राहुल गांधी के इस भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान का थरुर ने जोरदार तरीके से जबाव दिया एवं कांग्रेस पार्टी को ही घेरा। राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत-पाक के बीच मध्यस्थता के बयान पर थरूर बोले- मैं यहां किसी विवाद को हवा देने नहीं आया हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति का सम्मान है। हमें नहीं पता उन्होंने पाकिस्तान से क्या कहा, पर हमें किसी की सलाह की जरूरत नहीं थी।

आग्रह-दुराग्रह से ग्रसित होकर कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने की ही बातें कर रहे हैं, इन कांग्रेसी नेताओं में दायित्व की गरिमा और गंभीरता समाप्त हो गई है। राष्ट्रीय समस्याएं और विकास के लिए खुले दिमाग से सोच की परम्परा उनमें बन ही नहीं रही है। जब मानसिकता दुराग्रहित है तो ''दुष्प्रचार'' ही होता है। कोई आदर्श संदेश राष्ट्र को नहीं दिया जा सकता। राष्ट्र-विरोधी राजनीति एवं सत्ता-लोलुपता की नकारात्मक राजनीति हमें सदैव ही उल्ट धारणा (विपथगामी) की ओर ले जाती है। ऐसी राजनीति राष्ट्र के मुद्दों को विकृत कर उन्हें अतिवादी दुराग्रहों में परिवर्तित कर देती है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस ने राष्ट्रीय संकट में भी यही सब करके आम जनता से अधिक दूरियां बना ली है। शशि थरुर ने तो बड़ी लकीरें खींच दी, कांग्रेस कब ऐसी लकीरें खिंचने की पात्रता विकसित करेंगी? हर राजनीतिक दल को कई बार अग्नि स्नान करता पड़ता है, पर आज कांग्रेस तो ''कीचड़ स्नान'' कर रहा है। जहां तक कांग्रेस नेताओं का सवाल है, एक और निहित संदेश सामने आया कि सिर्फ गांधी परिवार ही कांग्रेस का नेतृत्व नहीं कर सकता जबकि भारत की सबसे पुरानी पार्टी में अभी भी प्रतिभाओं का खजाना है, उसके पास अनुभवी नेता हैं, जो जटिल मुद्दों को समझने और नेतृत्व देने में सक्षम हैं।

बड़ी लकीरें तो प्रतिनिधिमण्डल में गये अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी खींची है। जिनमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विश्व की राजधानियों में भारत की स्थिति और मौजूद विकास को भी रेखांकित किया है। ओवैसी-जो भारत के अल्पसंख्यकों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने के लिए जाने जाते हैं- उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी भाषा में आड़े हाथों लिया। यहां तक कि उन्होंने पाकिस्तान द्वारा जारी की गई फर्जी तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि नकल के लिए भी अकल चाहिए! ओवैसी की राष्ट्रवादी सोच तो समय-समय पर सामने आती रही है। इस तरह मुस्लिम नेतृत्व अगर उदारता दिखाता तो देश के करोड़ों मुसलमानों के प्रति एक विश्वास और भाईचारे की भावना बढ़ती है। ओवैसी ने तो सबकी निगाहें अपनी ओर खींच ली थीं। इसी तरह डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने अपनी तल्ख और चतुराई भरे अंदाज से भारतीयों एवं दुनिया का दिल जीत लिया है। सांसद कनिमोझी ने स्पेन में अपने हिस्से का पक्ष रखते हुए भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता का जिक्र कर ऐसी बात कही है जिसके बाद वो जमकर वाहवाही लूट रही हैं। कनिमोझी ने इसके साथ ही कहा कि ''हमारे अपने मुद्दे हो सकते हैं, अलग-अलग विचारधाराएं हो सकती हैं, संसद में हमारे बीच तीखी बहस हो सकती है, लेकिन जब भारत की बात आती है, तो हम एक साथ खड़े होते हैं, यही संदेश हम लेकर आए हैं।' उनकी ये बातें इसलिए भी खास हैं क्योंकि जहां एक ओर उनकी पार्टी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित त्रि-भाषा नीति को चुनौती देते हुए गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने की बात कर रही है। वहां कनिमोझी एकता और विविधता को राष्ट्रीय भाषा बताते हुए अपना पक्ष रख रही हैं। डीएमके सांसद का ये अंदाज सुर्खियों का विषय बना है और लोग जमकर इसकी तारीफ कर रहे हैं। इसी तरह शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी ने भारत को न केवल बुद्ध और गांधी, बल्कि श्रीकृष्ण की भूमि भी बताया, जिन्होंने पांडवों से आग्रह किया था कि धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक हो तो युद्ध करने से न हिचकिचाएं। अब यह देखना बाकी है कि क्या सरकार ऐसे और कूटनीतिक प्रयासों में विपक्षी नेताओं का इस्तेमाल करना जारी रखेगी।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर थोड़ी समस्या रहेगी, लेकिन सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों को ट्रांसफर मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। सामाजिक क्षेत्रों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप मित्रों के साथ किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं। आपको जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।

**वृषभ** आज आपके सुख साधनों में वृद्धि होगी। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में यदि समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आप कहीं घूमने फिरने जाने की योजना बना सकते हैं। संतान को तरक्की करते देख आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। दोस्तों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको अपने खर्चों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। यदि आपको नौकरी मे कोई समस्या चल रही थी, तो आप किसी दूसरे के लिए अप्लाई कर सकते हैं। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। पिताजी की सेहत के प्रति आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है। आपको वाहनों के प्रयोग से सावधान रहना होगा। भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको अपनी समस्याओं को लेकर कुछ टेस्ट आदि भी कराने पड़ सकते हैं। आप अपने घर के साथ-साथ बाहर के कामों में भी तालमेल बनाकर चलें। परिवार का सदस्य आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकता है। विद्यार्थियों की कुछ नया करने की इच्छा जागरूक हो सकती है। जीवनसाथी यदि आपसे किसी बात को लेकर नाराज चल रही थी, तो आप उन्हे मनाने की पूरी कोशिश करेंगे। आपको कुछ अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती है। आपको किसी दूर रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती हैं। आपको किसी नई नौकरी का ऑफर आने से आपका मन काफी खुश रहेगा। संतान को आप किसी नए कोर्स में दाखिला दिलाने की सोच सकते है। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के सोर्स पूरा ध्यान देंगे। सामाजिक दायित्वों की पूर्ति आप आसानी से कर पाएंगे।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए कुछ समस्याएं लेकर आ सकता है। परिवार में किसी बुजुर्ग व्यक्ति की सेहत में गिरावट आ सकती है। आप अपने कामों को समय से पूरा न करके अधिकारियों से डांट खा सकते हैं। यदि किसी अजनबी पर भरोसा किया था, तो वह आपको धोखा दे सकता है। आपका कोई काम यदि लंबे समय से लटका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है। आपको अपने काम को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहना है, नहीं तो आपका वह काम लटक सकता हैं। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपका कोई परिजन आपसे लंबे समय बाद मेल मुलाकात करने आ सकता है, जिसमें आप पुराने गिले शिकवे न उखाड़े। किसी सामाजिक आयोजन में सम्मिलित होने का आपको मौका मिलेगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलता दिख रहा है। आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप परेशान रहेंगे। आपको अपने बॉस से रिश्तों को बेहतर रखने की कोशिश करनी होगी। आप यदि कहीं घूमने फिरने जाने की योजना बना रहे थे, तो आपको थोड़ा ध्यान देना होगा।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचने के लिए रहेगा। यदि आपसे परिवार का कोई सदस्य नाराज चल रहा था, तो वह नाराजगी भी दूर हो सकती है। आपको किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। पारिवारिक मामलों को आप मिल बैठकर निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की अपने साथी से मुलाकात होगी। आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती है।

**धनु** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको कोई पैतृक संपत्ति भी प्राप्त हो सकती है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको अच्छा लाभ अवश्य मिलेगा। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। आप किसी नए मकान की खरीदारी कर सकते हैं। आपकी संतान आपसे कोई ऐसी बात बोल सकती है, जो आपको परेशान करेगी। आप अपनी शौक मौज की चीजों की खरीदारी पर भी अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। आप अपने घर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं।

**मकर** आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आपको अपने खान-पान पर संयम रखना होगा, नहीं तो आपको कोई पेट संबंधित समस्या परेशान कर सकती हैं। आप अपने बिजनेस के किसी काम को लेकर कहीं बाहर जा सकते हैं। आपका डूबा हुआ धन आपको मिलने से खुशी होगी। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप कोई बात बहुत ही सोच समझ कर बोले। आपको माताजी से किए हुए वादे को पूरा करना होगा। आपको किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए पिछले दिनों की तुलना में कुछ बेहतर रहने वाला है। जो लोग इलेक्ट्रॉनिक आइटम का काम करते हैं, उनको आज अच्छा फायदा मिल सकता है। आप यदि किसी टेंशन को लेकर परेशान चल रहे थे, तो आपकी वह समस्या भी दूर होगी। आपका कोई कानूनी मामला सुलझता दिख रहा है, जिसमें आपको किसी पैतृक प्रॉपर्टी की भी प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप धार्मिक कामों में अच्छा खासा खर्च करेंगे और किसी गरीब की मदद के लिए भी आप आगे आएंगे, लेकिन आपको थोड़ा खर्चों को कंट्रोल करने की आवश्यकता है। आप अपने बिजनेस में भी थोड़ा सोच समझ कर बढ़ें। आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होगी। आपको कुछ अपरिचित लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। परिवार में किसी सदस्य के यदि विवाह के बात चल रही थी, तो वह भी फाइनल हो सकती है।

## पनीर की पीड़ा

व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



हमारे मोहल्ले में एक पंडित जी रहते हैं—नाम नहीं लूँगा, क्योंकि नाम लेते ही वे आ जाते हैं और फिर कम से कम दो घंटे तक प्रवचन देते हैं कि "ब्रह्मांड की उत्पत्ति कैसे हुई और उसमें पनीर का क्या योगदान है।" पंडित जी ने अब प्रवचन देना बंद कर दिया है, अब वे पनीर ज्ञान बाँटते हैं। कहते हैं—"पनीर एक तत्व है, जैसे पंचतत्व—जल, अग्नि, वायु, आकाश और पनीर।" एक दिन बोले, "पनीर सबमें है, तुझमें है, मुझमें है, हरजीत की चाट में है, शर्मा जी के टिफिन में है। जो पनीर को पहचान गया, वह आत्मा को पहचान गया।" मैंने कहा—"पंडित जी, आत्मा तो कब की निकल चुकी है, अब पेट में गैस है। वो भी पनीर से।" पंडित जी ने गुस्से से देखा, फिर बोले—"इस अधम को भूतल पर पनीर की कृपा नहीं चाहिए।" अब उनकी कृपा से मोहल्ले में एक नया मंदिर बन रहा है—"श्री श्री पनीरेश्वर धाम"। वहाँ हर मंगलवार को "शाही पनीर आरती" होती है। बर्फी के बदले पनीर का प्रसाद बँटता है। एक बार मैंने मज़ाक में कह दिया कि "प्रसाद खट्टा था", तो मुझ पर "गौग्रास का अपमान" कहकर एफआईआर दर्ज हो गई। अब स्कूलों में भी यही हाल है। एक सरकारी स्कूल में निरीक्षण के दौरान शिक्षिका ने बताया—"हमने बच्चों को विविधता का पाठ पढ़ाया है।" मैंने पूछा—"कैसे?" उन्होंने जवाब दिया—"बच्चों को पनीर की पाँच रेसिपी याद करवाई है—पनीर दो प्याज़ा, मटर पनीर, पालक पनीर, कढ़ाई पनीर और शाही पनीर।" मैंने कहा—"अरे देवी, ये विविधता नहीं, एकता में एकता है!" शिक्षिका बोलीं—"सर, नया पाठ्यक्रम आया है, 'राष्ट्रीय व्यंजन-निर्माण योजना।'" अब बच्चा रटता है—'सबका स्वाद, एक पनीर', जैसे पहले रटता था 'सबका साथ, सबका विकास।' एक बार एक बच्चा गलती से 'भिन्डी' लिख आया। पूरा स्कूल उठ खड़ा हुआ। उसकी कॉपी को गंगाजल से शुद्ध किया गया। बच्चे को समझाया गया—"ये देश का अपमान है। यहाँ पनीर बोलना ही देशभक्ति है।" अब स्कूल में झंडा फहराते समय राष्ट्रगान के बाद "पनीर वंदना" गाई जाती है—"पनीर तुंही महान, तेरे बिना न हो खान।" एक दिन मैं एक पुराने मित्र के घर गया। देखा तो उनकी पत्नी रसोई में रो रही थीं। मैंने पूछा—"क्या हुआ भाभीजी?" वे बोलीं—"हर दिन पनीर बना रही हूँ। अब तो हाथ कांपते हैं पनीर काटते-काटते। और सुनिए, वो तो हद कर दी इन साहब ने।" मैंने पूछा—"क्या?" बोलीं—"इन्होंने अपनी शादी की सालगिरह पर मुझे पनीर की साड़ी गिफ्ट की।" मैंने देखा, साड़ी पर छोटे-छोटे पनीर के टुकड़े प्रिंट थे, और बॉर्डर पर लिखा था—'पनीरलिशियस लव'। मैं स्तब्ध। उनकी बेटी आई, बोली—"चाचाजी, मेरा नाम अब 'पनीरिका' रख दिया है।" अब मोहल्ले में शादियाँ नहीं होतीं, पनीर महोत्सव होते हैं। बैंड वाले भी अब 'मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है' के बजाय 'तेरे बिना पनीर अधूरी सी लगती है' गाते हैं। और क्या कहें! अब तो रिश्तेदार भी पूछते हैं—"दूल्हे की तरह पनीर है ना? या वही पुराने वेज?" एक ज़माना था जब वर को देखा जाता था, अब पनीर को। लोग कहते हैं—"लड़का अच्छा है, इंजीनियर है, सरकारी नौकरी है—बट टेल मी, डज़ ही लाइक पनीर?" और जब जवाब 'हाँ' होता है, तब ही बारात निकलती है। "पनीर ही क्यूँ?" ये सवाल था छोटे नानक का, जो चौथी क्लास में पढ़ता था और स्कूल से लौटते वक्त रोटी में हर रोज़ वही सफेद सी स्लाइस देखकर टेबल पलटने का मन करता था। उसकी आँखों में वही जिज्ञासा थी जो रामायण के लक्ष्मण की थी—लेकिन यहाँ प्रश्न 'सीता कहाँ हैं?' नहीं था, प्रश्न था 'भिन्डी क्यों नहीं है?' पर मम्मी का उत्तर क्लासिक था, जैसे किसी धर्मगुरु की वाणी—"पनीर प्रोटीन है बेटा, और तुम्हारे पापा को भी पसंद है।" बेटा तो कुछ ना बोला, लेकिन रसोई की खिड़की से हवा में उड़ा एक पनीर का टुकड़ा सीधे बबलू कुत्ते के मुँह में जा गिरा। कुत्ता भौंकते-भौंकते चुप हो गया, मानो कह रहा हो—"क्यों रे इंसान, ये तो कुत्ते भी नहीं खाते।" मम्मी ने टोका नहीं, शायद उन्होंने भी हार मान ली थी। अब पनीर सिर्फ सब्ज़ी नहीं, संस्कार बन चुका था। जैसे घर में कोई बुजुर्ग होता है जो भले ही कुछ न बोले, लेकिन हर चीज़ में उसकी मौजूदगी रहती है—पलंग पर, पूजा घर में, और अब थाली में। पापा ने तो हद कर दी थी। "मुझे तो बटर पनीर, पालक पनीर, शाही पनीर, मटर पनीर सब पसंद है।" ये कहकर उन्होंने शादी की सालगिरह पर मम्मी को भी पनीर की साड़ी गिफ्ट की थी। लाल रंग की साड़ी जिसमें सुनहरे धागों से 'पनीर लव्स यू' लिखा था। "हम पनीर नहीं खा रहे, पनीर हमें खा रहा है"" ये बात चुपचाप कह दी थी दादी ने, जिन्हें डायबिटीज थी, ब्लड प्रेशर था, और ऊपर से पनीर की सब्ज़ी। एक दिन उन्होंने पनीर की एक बोटी उठाई, देखा, चूमा और चुपचाप पूजा की थाली में रख दी। "अब इसे भगवान ही खाए।" और तबसे पनीर भगवान का भोग बन गया। बबलू कुत्ता अब पनीर देखकर रोने लगता है। एक दिन कॉलोनी का एक विदेशी आया, जिसने पूछा, "इंडियन वेजिटेरियन डिश?" तो पास खड़े शर्मा अंकल ने तपाक से कहा, "ओनली पनीर! वी आर द पनीर नेशन!" विदेशी ने मुस्कुराकर कहा, "आई वांट समथिंग एल्स।" शर्मा जी ने तिरंगा झाड़कर कहा, "यू आर अ टेररिस्ट।" प्याज़, टमाटर, गाजर, शिमला मिर्च, बैंगन—सब एक-एक कर फ्रिज से निकाल बाहर किए गए। क्रांति आ चुकी थी। अब हर डिश में सिर्फ़ एक ही नाम लिखा होता—"पनीर आधारित स्वाद"। शादी हो, अंतिम संस्कार हो, बर्थडे हो, ऑफिस पार्टी हो—हर जगह पनीर। लोग अपने बच्चों का नाम पनीरप्रिया, पनीरनाथ, श्रीपनीरेश्वर रखने लगे थे। एक दिन मोहल्ले में सब्ज़ी मंडी में पत्ता गोभी ने बगावत कर दी। "क्यों भाई, मेरा क्या दोष?" उसने चिल्लाकर कहा। पालक बोली, "हमारा भी हरा रंग है, पर हमारा नसीब काला।" मटर फूट-फूटकर रो पड़ा, "मैं तो खुद पनीर के साथ ही आता हूँ, पर नाम में मेरा कहीं जिक्र नहीं होता।" तभी आलू पीछे से बोला, "मैंने तो समोसे तक में इज्जत बचाई है, यहाँ तो मेरी भी हालत ख़स्ता हो गई है।" लेकिन किसी ने नहीं सुना। सब्ज़ियों की सभा में एक प्रस्ताव पास हुआ—"अब कोई सब्ज़ी पनीर के साथ काम नहीं करेगी।" लेकिन जैसे ही शाम को होटल वाला आया, सब बिक गए। "५० रुपये किलो!" होटल वाले की आवाज़ में पैसा नहीं, लाचारी थी। "ग्रेवी में पनीर दिखे या न दिखे, ग्राहक पनीर का नाम सुनकर ही पेट भर लेता है।"

प्याज़ खा लो, तो आँखें नम होती हैं,
पर पनीर खा लो, तो आत्मा नम होती है।
जिस थाली में खाना खाया, उसी में पनीर निकला।
अब घर में प्रेम नहीं, सिर्फ़ कड़ाही की गंध है।

## पुष्पा ने लिया कानून की पढ़ाई का संकल्प

**मुंबई**. सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल दिल को छू जाने वाली और प्रासंगिक कहानी के ज़रिए दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुका है। अब शो एक प्रेरणादायक मोड़ पर पहुंच गया है, जहां पुष्पा (करुणा पांडे) अपने जीवन के सबसे बड़े फैसले की ओर कदम बढ़ा रही हैं – कानून की पढ़ाई पूरी करने का सपना। इसी मोड़ पर प्रोफेसर राजवीर (गौरव चोपड़ा) की एंट्री उनके सफर में नया रोमांच और भावनात्मक गहराई लेकर आती है। आगामी एपिसोड्स में, पुष्पा एक रिटायर्ड चपरासी घनश्याम (मुकुल श्रीवास्तव) की मदद करने की ठान लेती हैं, लेकिन उनकी योजना उल्टी पड़ जाती है। इससे दिलीप (जयेश मोरे) और बापोदरा (जयेश भारभाया) की गिरफ्तारी हो जाती है। हालांकि, अंत में घनश्याम को पेंशन मिल जाती है। पुष्पा को कादंबरी (ब्रिंदा त्रिवेदी) के अप्रत्याशित आरोपों का सामना करना पड़ता है। कादंबरी को जुगल (अंशुल त्रिवेदी) से पुष्पा की बढ़ती नज़दीकियों से खतरा महसूस होता है, और वह चुपचाप चिराग (दर्शन गुर्जर) के खिलाफ साजिश रचती है। इस भावनात्मक उथल-पुथल के बीच, प्रोफेसर राजवीर शास्त्री का कड़ा बयान – "कानून सिर्फ ताकतवरों के लिए होता है" – पुष्पा को झकझोर देता है। कॉलेज डिबेट में उनका टकराव और गहराता है, जहां पुष्पा की व्यावहारिक समझ को नज़रअंदाज़ किया जाता है, लेकिन एक छात्र के समर्थन से शास्त्री के कठोर व्यवहार में दरार नज़र आती है। जब पुष्पा मॉक जूरी में शामिल होती हैं, तो उन्हें एहसास होता है कि जिस केस पर चर्चा हो रही है, वह शास्त्री की छिपी हुई निजी पीड़ा से जुड़ा है। घनश्याम के संघर्ष और शास्त्री की भावनात्मक सच्चाई से प्रभावित होकर पुष्पा एक साहसी फैसला लेती हैं – वह कानून की पढ़ाई करेगी। यह उनके जीवन में एक परिवर्तनकारी अध्याय की शुरुआत है। शो में पुष्पा का किरदार निभा रही करुणा पांडे कहती हैं.



## हादसा

# आप खुद से क्या बात करते हैं उससे भी बहुत फर्क पड़ता है!

जान्हवी शर्मा साइकोलॉजिस्ट



अक्सर हम अकेले में खुद से बात करते हैं, अपने मन का हाल हम सबसे पहले खुद को बताते हैं, जो एक आम बात है, लेकिन सवाल यह है कि हम खुद से क्या बात करते हैं?इन बातों का रवैया हमारे लिए कैसा है? क्या ये बातें हमें साकारात्मक बना रही है, या नकारात्मकता के अँधेरे में खींचती जा रही है? अक्सर लोग जब हमारी आलोचना करते हैं या हमारे बारे में कुछ बुरा कहते हैं, तो वाह एक बार सुनी हुई बात को हम खुद को पूरे दिन में हज़ारों बार सुनते हैं, ऐसे हमने पूरे दिन में अपने आस-पास एक नकारात्मक औरा बना लिया,जब पूरा दिन हम खुद से यहीं बोलते रहेंगे कि मैं कितना असफ़ल हूं ,मैं कितना नकारा हूं ,मुझमें ये कामी है , मुझमें वो कमी है ,अगर हम इन्हीं बातों को अपोजिट करके खुद को कहें, तो ऐसे आप अपने औरा को पॉजिटिव चार्ज कर पाएंगे, जिससे आप पूरा दिन खुश रहेंगे,और आगे आने वाली सक्सेस अपॉर्चुनिटी बढ़ेंगे जिसके लिए आपको एक ट्रिक फॉलो करनी है, जब आप सुबह उठें तो एक गिलास पानी ले और अपने मुंह से थोड़ी सी दूरी पर पकड़ कर यह बोले –कि मैं बिल्कुल स्वस्थ हूं, मैं बहुत खुश हूं, ईश्वर ने मुझे जो भी दिया है, मैं उसका उपयोग करता हूं, मेरा आज का दिन बहुत अच्छा जाएगा ,और मैं अपने आने वाले दिनों में कुछ अच्छा करूंगा, ऐसे आप खुद को कल के लिए तैयार करेंगे और खुद से प्यार करना सीखेंगे ,याद रखें कोई भी आपके बारे में कुछ भी सोचे आपको अपने बारे में हमेशा साकारात्मक सोच ही रखनी है!

## सू- दोकू क्र.072

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.071का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## एक नजर

### स्वास्थ्य सेवा या भगवान भरोसा, कूकानार उप स्वास्थ्य केंद्र की हकीकत




**सुकमा, 7 जून।** सुकमा जिले के कूकानार उप स्वास्थ्य केंद्र में आज साप्ताहिक बाजार के दिन भी स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई हैं। अस्पताल मात्र दो नर्सों के भरोसे चल रहा है, जबकि डॉक्टर पिछले एक सप्ताह से छुट्टी पर हैं। बीएमओ और सीएमएचओ द्वारा अब तक कोई वैकल्पिक डॉक्टर की व्यवस्था नहीं की गई है। 20 से अधिक मरीज पिछले 2 घंटे से इंतजार कर रहे हैं, बिना यह जाने कि उन्हें कब इलाज मिलेगा। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस दिन कलेक्टर या उच्चाधिकारी दौरे पर आते हैं, उसी दिन अस्पताल में सभी स्टाफ समय पर उपस्थित होते हैं और सेवाएं सुचारू रूप से चलती हैं। यह दर्शाता है कि व्यवस्थाएं केवल दिखावे के लिए हैं, न कि जनता की सेवा के लिए।

### प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत 7 माह में 10 हजार से अधिक आवास निर्माण पूर्ण



**राजनांदगांव 07 जून।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत राजनांदगांव जिले में 7 माह में 10 हजार से अधिक आवास निर्माण का कार्य तीव्र गति से पूर्ण किया गया है। जिले को वर्ष 2024-25 में 29938 आवास स्वीकृत हुए है। जिसमें किश्त के अधार पर 10236 आवास निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत प्राप्त किश्त के भौतिक स्थिति के अनुसार आवास पूर्ण करने हेतु जिले के सभी विकासखंडों के विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक एवं आवास मित्रों को स्वीकृत आवास निर्माण को शीघ्र प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए थे। साथ ही उन्होंने निर्माणाधीन आवासों को समय-सीमा में मनरेगा मस्टररोल जारी करने तथा अप्रारंभ आवासों को शीघ्र प्रारंभ करवाने एवं ग्राम पंचायतों में समूह के सक्रिय महिला व रोजगार सहायकों से समन्वय स्थापित कर बारिश से पूर्व अधिक से अधिक आवास निर्माण को पूर्ण करने निर्देशित किया था।


### लाइवलीहुड कॉलेज आड़ावाल में भोजन व्यवस्था हेतु स्व सहायता समूहों से 30 जून तक प्रस्ताव आमंत्रित

**जगदलपुर 07 जून।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज आड़ावाल जगदलपुर अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों के लिये भोजन की व्यवस्था करने हेतु जिले में पंजीकृत स्व-सहायता समूहों से 30 जून 2025 तक केवल स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। उक्त प्रस्ताव सम्बन्धी विस्तृत जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज के सूचना पटल या जिले की वेबसाईट www.bastar.gov.in पद पर देखी जा सकती है।

### केरलापाल में मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**सुकमा, 7 जून।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत केरलापाल में जल संरक्षण व प्रबंधन पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों, सचिवों एवं रोजगार सहायकों को जल स्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन, और सामुदायिक भागीदारी के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट से निपटने हेतु स्थानीय स्तर पर सशक्त कार्ययोजना तैयार करना रहा।

### मौसमी बीमारी एवं कोविड से बचाव की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित



**राजनांदगांव 07 जून।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने शासकीय मेडिकल कालेज राजनांदगांव में वर्षा ऋतु में मौसमी बीमारियों से नागरिकों के बचाव एवं अन्य तैयारियों के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। सीएचएमओ डॉ. नेतराम नवरतन ने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु में महामारी एवं मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु काम्बेट टीम एवं जीवन रक्षक दवाओं का भंडारण मैदानी स्तर तक रखने कहा। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को अपने क्षेत्र का सतत निगरानी करते हुए आवश्यक जानकारी प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में मिल रहे कोविड केस को दृष्टिगत रखते हुए कोविड से बचाव हेतु आवश्यक तैयारी करने के साथ सजग रहने कहा। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्णय लिए गए।

# रिश्वत मांगने के आरोप में तहसीलदार गिरफ्तार

- एसीबी ने रंगे हाथों दबोचा, मची खलबली
- कब्जा हटाने के मांगी थी 15 हजार की रिश्वत



**कोण्डागांव, 7 जून।** तहसील कार्यालय कोण्डागांव में पदस्थ नजूल तहसीलदार दिनेश सिंह ठाकुर ने कब्जा हटाने के नाम पर 15 हजार रुपए की मांग की थी। शिकायतकर्ता राधाकृष्ण देवांगन मामले में पहले ही तहसीलदार को 10 हजार रुपए दे चुका था। दूसरी किस्त की मांग पर उसने जगदलपुर एसबी से मामले की शिकायत कर दी। एसीबी की टीम प्रार्थी के साथ तहसीलदार के डीएनके कॉलोनी स्थित शासकीय आवास पर पहुंची और जैसे ही शिकायतकर्ता ने रुपए तहसीलदार को दिए एसीबी की टीम अचानक पहुंची और तहसीलदार के हाथ धुलवा लिए। नोटों में पहले से कैमिकल लगा हुआ था और हाथ धुलते ही साबित हो गया कि तहसीलदार ने रुपए लिए हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनके सरगीपाल स्थित की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है, जिसका मामला तहसील में चल रहा है। इसी कब्जे को हटवाने के लिए रिश्वत मांगी गई थी।

**मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप**-प्रार्थी पहले से कब्जे के मामले को लेकर परेशान थे, इसके बाद जब तहसीलदार ने भी रुपए मांगकर उसे मानसिक रूप से परेशान करना शुरू किया तो उन्होंने एसीबी से मामले की शिकायत करने का निर्णय लिया। तहसीलदार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## युक्तियुक्तकरण के विरोध में कांग्रेस करेगी पूरे प्रदेश में आंदोलनः मरकाम



**जगदलपुर, 07 जून।** आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन जगदलपुर में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया जिसे इस पत्रकार वार्ता के प्रभारी व छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मंत्री मोहन मरकाम के द्वारा संबोधित किया गया.. श्री मोहन मरकाम ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार 10 हजार से अधिक स्कूलों को बंद करने जा रही है तथा 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त कर रही है। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों विशेषकर बस्तर, सरगुजा, जशपुर जैसे जगहों पर स्कूलों की कमी होगी, सरकार झूठ बोल रही कि स्कूल बंद नहीं होंगे। भाजपा ने विधानसभा चुनावों में 57000 शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था। सरकार बनने के बाद 33000 शिक्षक भर्ती की घोषणा, इस वर्ष बजट में भी 20000 शिक्षकों की भर्ती की बात की गयी है अब 5000 शिक्षक भर्ती की घोषणा किये है, लेकिन यह शिक्षक भर्तियां नहीं करनी पड़े, इसलिये 45000 शिक्षक पद समाप्त किये जा रहे है। जब पद ही खाली नही रहेंगे तो भर्ती कहां से करेंगे?

पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने कहा भाजपा सरकार का युक्तियुक्तकरण करना शिक्षा विरोधी, रोजगार विरोधी कदम है। 10 हजार स्कूलों के बंद होने से रसोईया, चौकीदार, भृत्य जैसे पद भी समाप्त होंगे हजारों लोगों के रोजगार के अवसर समाप्त होंगे। 10 हजार स्कूल बंद होना सरकार की विफलता है। जबकि शराब दुकान खुल रहा है और स्कूल बंद हो रहा है। सरकार को नयी शिक्षक भर्ती करना चाहिये। इस सरकार में शिक्षा की गुणवत्ता कमजोर हो गया है। यह सरकार शिक्षा व्यवस्था को पूरा चौपट कर दिया है। मोहन मरकाम ने आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया शिक्षकों की नई भर्तियां न करनी पड़े इसलिए साय सरकार शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण कर रही है।सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने साय सरकार ने षड्यंत्र रचा है।

## काम लापरवाही बरतने के कारण बीईओ जगदलपुर तत्काल प्रभाव से निलंबित

**जगदलपुर 07 जून।** कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह के अनुमोदन के आधार पर प्रभारी कलेक्टर श्री प्रतीक जैन द्वारा कर्तव्य में गम्भीर लापरवाही बरतने के कारण खण्ड शिक्षा अधिकारी जगदलपुर श्री एमएस भारद्वाज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उक्त परिप्रेक्ष्य में जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार बस्तर जिले में युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, जिसमें खण्ड शिक्षा अधिकारी जगदलपुर श्री मानसिंह भारद्वाज द्वारा युक्तियुक्तकरण हेतु विकासखण्ड जगदलपुर से विसंगतिपूर्ण जानकारी जिला स्तरीय समिति को प्रस्तुत किया गया। जिसके तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरनार में कनिष्ठ शिक्षक का वरिष्ठ एवं वरिष्ठ शिक्षक को कनिष्ठ मानते हुए जानकारी प्रस्तुत किया गया। साथ ही सेजेस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विवेकानंद जगदलपुर हिन्दी माध्यम ई संवर्ग की शाला है जिसे सम्बन्धित के द्वारा टी संवर्ग एवं ई संवर्ग दोनों में रिक्त पद की जानकारी दी गई। वहीं युक्तियुक्तकरण से संबंधित विकासखण्ड स्तरीय जानकारी में वरिष्ठता निर्धारण में अत्यधिक त्रुटिपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही युक्तियुक्तकरण हेतु स्वीकृत एवं रिक्त पदों की विसंगति पूर्ण जानकारी जिला स्तरीय समिति को प्रस्तुत की गई। सम्बन्धित बीईओ के द्वारा उपरोक्तानुसार कृत कार्यवाही राज्य शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम के विपरीत है।

अतः छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 1 क के तहत विकासखंड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड जगदलपुर मूल पद प्राचार्य श्री मानसिंह भारद्वाज को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में श्री मानसिंह भारद्वाज का मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जगदलपुर जिला बस्तर नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में संबंधित को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# इनामी आत्मसमर्पित नक्सली को कुल 33 प्रकरणों में 1 करोड़ 92 लाख रुपये प्रोत्साहन राशि स्वीकृत

**सुकमा, 07 जून।** जिले में नक्सली हिंसा में मृतकों के परिवारों हेतु 5 लाख रुपये, आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास योजना के तहत प्रोत्साहन राशि हेतु 7 लाख रूपये, सक्रिय 05 लाख या अधिक के इनामी आत्मसमर्पित नक्सली को शासकीय सेवा में नियुक्ति या शासकीय सेवा प्रदान नहीं की गयी है, ऐसे आत्मसमर्पित नक्सली को इसके एवज में 10 लाख रूपये की एकमुश्त राशि प्रदान की गई। जिसमें 1 करोड़ 80 अस्सी लाख रूपये कुल 1 करोड़ 92 लाख रुपये स्वीकृति की गई है। जिसमें नक्सली हिंसा में मृतक के परिवारों हेतु स्व. मुचाकी रामा पिता स्व.भीमा मुचाकी को 5 लाख रूपये प्रस्तावित किया गया। आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास योजना के तहत प्रोत्साहन राशि हेतु कुहरम भीमा पिता स्व. देवा, तेलाम हिड़मा पिता गंगा, महिला माडवी पोज्जे पिता स्व. गंगा ईनामी, महिला पोडियाम आयते पिता स्व. देवा, महिला माडवी मंगड़ी पिता स्व. हिंगा, सोड़ी सोना पिता मंगू, महिला महकम हुगी पिता स्व. मंगडू , महिला रवा लख्खे पति स्व देवा, गोंगे उर्फ सरियम आयता पिता गंगा, सोड़ी केसा पिता भीमा, कुंजाम गंगा पिता भीमा, माडवी मूका पिता स्व. भीमा, माड़वी देवा उर्फ पाड़ा देवा पिता स्व. हुगा, तेलाम पोज्जा पिता गंगा प्रत्येक व्यक्तिय को 50-50 हजार रूपये, कुल 14 प्रकरणों में कुल 7 लाख रुपये प्रोत्साहन राशि स्वीकृत है।

सक्रिय 05 लाख या अधिक के इनामी आत्मसमर्पित नक्सली को शासकीय सेवा में नियुक्ति या शासकीय सेवा प्रदान नहीं की गयी है, ऐसे आत्मसमर्पित नक्सली को इसके एवज में 10 लाख रूपये की एकमुश्त राशि प्रदान की गई। इसके तहत रनसाय उर्फ मनोज उर्फ ओयाम बुस्का पिता स्व. कोसा, प्रदीप उर्फ रब्बा राकेश पिता स्व. पाण्डू, कवासी सोना पिता मुडा, मडकम जोगा पिता स्व. देवा, मुचाकी देवा पिता स्व. गुड्डी, महिला माड़वी बुधरी पति मड़कम मंगडू, समीर उर्फ मिडियम सुक्का पिता स्व देवा, महिला रजनी उर्फ राजे उर्फ बीडे माड़वी पिता माड़वी गंगा, महिला शांति कवासी पिता गंगा, महिला मडकम सोमड़ी पति मडकम नंदा, हेमला हिड़मा उर्फ वागा पिता चूला, महिला रव्वा मूके उर्फ भीमे पति हिड़मा हेमला पिता भीमा, बण्डू उर्फ बण्डी मड़काम पिता मासा, पदाम सम्मी पति स्व. दारा, संतोष उर्फ सन्ना बारसे पिता स्व. देवा, अरूण उर्फ माड़वी हुर्रा पिता देवा, किकिड देवे पिता स्व. नंदा, मनोज उर्फ दूधी बुधरा पिता चमरू को प्रत्येक व्यक्ति को 10- 10 लाख रूपये सहायता राशि प्राप्त होगा कुल 18 प्रकरणों में कुल 1 करोड़ 80 लाख रूपये सहायता राशि प्रदान किया जाएगा।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न गांवों में पहुंचा कृषि रथ



**सुकमा, 7 जून।** जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 सफलतापूर्वक जारी है, जिसके तहत5 जून, 2025 को ग्राम पंचायत फुलबगड़ी, गादीरास, पाकेला, गंजेनार एवं मेटागुड़ा में पंचायत स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान सभी कार्यक्रम स्थलों में ग्रामीण महिला एवं पुरूष कृषकों के साथ-साथ कृषि सखियों ने भाग लेकर कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों से खेती की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में विकासखण्ड स्तरीय कृषि से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों एवं मैदानी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कृषि मित्रों, प्रगतिशील कृषकों, जनप्रतिनिधियों, सभी ग्राम पंचायत सचिवों, सरपंचों एवं पंचों का विशेष सहयोग रहा। विदित है कि उपरोक्त कार्यक्रमों में आर.पी. कश्यप व कैलाश कुमार मरकाम, डॉ. परमानंद वडॉ. जितेश कुमार बघेल तथा डॉ. संजय सिंह राठौर, मयूरी ठाकुर व भीम कुमार जायसवाल क्रमशः कोंटा, छिंदगढ़ तथा सुकमा विकासखण्डों में नोडल अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। जिनके द्वारा खरीफ फसलों की आधुनिक तकनीक जैसे उन्नत किस्म, बीजोपचार, समन्वित खरपतवार, कीट एवं रोग प्रबंधन की जानकारी, कृषि यंत्रों का उपयोग, पशुपालन एवं मछली पालन के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही हैं। किसानों को खाद एवं उर्वरक, सिंचाई प्रबंधन से अवगत कराते हुए पादप हार्मोन का उपयोग करने की भी सलाह दी जा रही है। साथ ही प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, केसीसी, पीएम फसल बीमा योजना आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

## बच्चों के हित में साइंस पार्क पुनः संचालित होः राजेश नाग



**सुकमा, 7 जून।** प्रदेश का पहला साइंस सेंटर एवं साइंस पार्क 2016 में का शुभारंभ हुआ लेकिन कुछ साल चलने के बाद अब सालों से बंद पड़ा हुआ है, सर्व शिक्षा अभियान के तहत् 1 करोड़ से ज्यादा राशि खर्च करने के बाद आज की वर्तमान स्थिति में साइंस पार्क कबाड़ की स्थिति में है। बड़ी विडम्बना है कि ग्राम पंचायत नीलावरम के हाई स्कूल का राशि भी इसी में ख़र्च किया गया। आज लाखों - करोड़ों रूपए के उपकरण खराब होने की दशा में है। साइंस पार्क को पुनः संचालित करने से बच्चों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बारे में जानने और समझने के अवसर मिलेंगे, जिससे वे भविष्य में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। इसके अलावा, साइंस पार्क बच्चों को समस्या समाधान कौशल, रचनात्मकता और नवाचार जैसे महत्वपूर्ण कौशलों को विकसित करने में मदद करेगा। लाल मिट्टी से जर्जर सड़क- कलेक्टर सर से मदर टेरेसा स्कूल से पावारास तक सड़क जर्जर की अव्यवस्था को लेकर अवगत कराया गया कि सड़क की जल्द ही मरम्मत कर डामर कराया जाए।

# लाखों रूपये कीमत की विदेशी मुद्रा चोरी करने वाले कंपनी के कर्मचारी सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 07 जून।** राजधानी के थाना देवेन्द्र नगर स्थित बी.के. ट्रांसपोर्ट से विदेशी मुद्रा (डॉलर) की अदला - बदली कर लाखों रूपये कीमत की विदेशी मुद्रा चोरी करने वाले कंपनी के कर्मचारी सहित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की संपूर्ण रकम 20 हजार डालर (भारतीय रूपये 17,30,000) जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसरा प्रार्थी सतीश जादवानी ने थाना देवेन्द्र नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह विदेशी मुद्रा अदला-बदली का काम करता है तथा उसका जादवानी फाएेक्स प्रा.लि. कंपनी है जिसका वह हेड डायरेक्टर है। प्रार्थी का नागपुर (महाराष्ट्र) एवं जयपुर (राजस्थान) में अन्य शाखा स्थित है, कंपनी भारतीय रिजर्व बैंक से पंजीकृत है। दिनांक 03.06.2025 को उसके हेड आफिस रायपुर से कंपनी में कार्यरत कर्मचारी अमोद गुप्ता निवासी मोवा रायपुर के द्वारा 20 हजार डालर से भरा पार्सल का पैकेट जिसमें 100 डालर के 200 नोट थे, जिसे नागपुर ब्रांच को भेजने के लिए बी के ट्रेवल्स पुराना बस स्टैण्ड पंडरी रायपुर आफिस में रात्रि 8.30 बजे भेजा था, जो पैकेट में रखे 20 हजार डालर को बी के ट्रेवल्स में छोडकर अपने घर चला गया जिसकी रसीद दूसरे दिन दिया था। दिनांक 04.06.2025 को नागपुर ब्रांच के कर्मचारी खिलेश साहू के द्वारा जानकारी दिया गया कि भेजे गये पार्सल की बदली हो गयी है उक्त पार्सल में डालर नही है तब प्रार्थी द्वारा बी के ट्रेवल्स को फोन के माध्यम से सूचना दिया गया जहां पर उपस्थित अनवर एवं तौफिक द्वारा बताया गया कि पार्सल बदली हुआ है। प्रार्थी द्वारा पार्सल के माध्यम से 20 हजार डालर जो भारतीय रूपये में 17,30,000/- रूपये होता है जिसे नागपुर ब्रांच भेजा जा रहा था जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पार्सल बदल कर चोरी कर लिया, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना देवेन्द्र नगर में अपराध क्रमांक 109/25 धारा 303(2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना देवेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित उसके कर्मचारी एवं बी.के. ट्रेवल्स के कर्मचारियों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाये गये। टीम के सदस्यों द्वारा प्रार्थी के कंपनी में कार्य करने वाले अन्य कर्मचारियों से भी पृथक - पृथक पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे।

## समाचार संक्षेप

### गीदम में धूमधाम से मनाई गई महेश नवमी


बच्चों को बांटे गए पाठ्य सामग्री

**गीदम, 7 जून।** गीदम में माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी का पर्व बड़े ही धूमधाम एव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह 7 बजे समाज द्वारा बाबा रामदेव मंदिर में पूजा अर्चना नगर के विभिन्न गलियों व मुख्य मार्ग में प्रभात फेरी निकाली गई इसके पश्चात शिव मंदिर में पूजा अर्चना व अभिषेक किया गया। इस मौके पर रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया । वही आश्रम के बच्चों को पाठ्य सामग्री भी वितरण किया गया। इसके साथ ही शहर में क्रिकेट प्रतियोगिता , पौधारोपण, गीदम अस्पताल में व्हीलचेयर, फल, बिस्किट वितरण किया गया और गौ शाला में चारा की व्यवस्था कराई गई । इस मौके पर शहर के जगदीश राठी के घर देर रात तक समाज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ । इस कार्यक्रम में गीदम , दन्तेवाड़ा व बचेली के समाजजनों, युवाओ व मातृशक्तियो की सक्रिय भागीदारी रही । इस कार्यक्रम का समापन गुरुवार देर रात्रि मेधावी छात्रों को पुरष्कृत कर दाल बांटी व अन्य भोज के साथ किया गया।

### कार्य में उदासीनता बरतने के कारण पंचायत सचिव डिमरापाल निलंबित

**जगदलपुर 07 जून।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बस्तर श्री प्रतीक जैन द्वारा पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता बरतने के कारण ग्राम पंचायत सचिव डिमरापाल विकासखण्ड तोकापाल श्री सकरू राम कश्यप को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इस सम्बंध में जारी आदेश में कहा गया है कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तोकापाल से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार तोकापाल क्षेत्रान्तर्गत 17 मई 2025 को ग्राम बड़ेमारेंगा जनपद पंचायत तोकापाल में आयोजित समाधान शिविर में सचिव ग्राम पंचायत डिमरापाल श्री सकरू राम कश्यप द्वारा शराब का सेवन कर समाधान शिविर में उपस्थित होने के कारण श्री सकरू राम कश्यप सचिव ग्राम पंचायत डिमरापाल को उच्चाधिकारी के निर्देशों की अवहेलना करने सहित अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता बरतने तथा छत्तीसगढ़ पंचायतराज अधिनियम 1993 की धारा 72 के तहत ग्राम पंचायत सचिव के विहित कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन नहीं करने के फलस्वरूप सचिव ग्राम पंचायत डिमरापाल जनपद पंचायत तोकापाल श्री सकरू राम कश्यप को छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के नियम 4 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में श्री सकरू राम कश्यप का मुख्यालय कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तोकापाल निर्धारित किया जाता है।

### नक्सल प्रभावितों के पुनर्वास हेतु शिविर का आयोजन, 280 लाभार्थियों को मिला लाभ

**दंतेवाड़ा, 07 जून।** कुआकोण्डा ब्लॉक के ग्राम अरनपुर में आज आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए एक दिवसीय पुनर्वास सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 280 हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़ने की पहल की गई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी श्री गोवर्धन प्रसाद साहू, उप संचालक श्री संतोष टोप्पो सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान लाभार्थियों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, बस पास, नरेगा जॉब कार्ड, सामाजिक पेंशन, पीएम आवास, बैंक खाता, स्वयं सहायता समूह से जोड़ना, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, कौशल विकास प्रशिक्षण, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि और वन अधिकार पट्टा जैसी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया गया। यह शिविर राज्य शासन की नक्सली प्रभावित पुनर्वास नीति के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य समाज की मुख्यधारा से कटे लोगों को समावेशी विकास से जोड़ना है।



### त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए सुपरवाइजरों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**दंतेवाड़ा, 07 जून।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने, बीएलओ एप्प एवं ऑनलाइन पोर्टल के उपयोग तथा निर्वाचन संबंधी विभिन्न फॉर्मों के निराकरण के संबंध में बीएलओ एवं सुपरवाइजरों का तहसीलवार दो दिवसीय प्रशिक्षण संयुक्त जिला कार्यालय (शंकनी) के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मूलचंद चोपड़ा द्वारा की गई। कार्यक्रम में जिले के सहायक प्रोग्रामर एवं उनके सहायक द्वारा बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। प्रशिक्षण में यह बताया गया कि कई बार ऐसे मतदाता जिनका नाम तो सूची में होता है, लेकिन उनका फोटो उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसे देखते हुए बीएलओ को अपने कार्यों का पूर्ण निर्वहन करते हुए सावधानीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए।

### दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण प्रदाय शिविर का आयोजन 18 जून से

**सुकमा, 07 जून।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सुकमा, छिंदगढ़ एवं कोंटा जनपदों में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग हांथ, पैर एवं कैलीपर्स सहायक उपकरण प्रदाय एवं प्रमाणीकरण हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान दिव्यांग हितग्राहियों को कृत्रिम पैर, हांथ, कैलीपर्स, बैशाखी, श्रवण यंत्र, ट्रायसाइकल, व्हीलचेयर एवं छूटे हुये दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाएगा। शिविर का आयोजन जपदन पंचायत सुकमा में जिला चिकित्सालय सुकमा में 18 जून 2025 बुधवार को किया जाएगा। जनपद पंचायत छिंदगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छिंदगढ़ में 19 जून 2025 गुरूवार को किया जाएगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत कोंटा में दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनपद कोंटा में आत्मानंद विद्यालय सामुदायिक भवन कोंटा में 25 जून 2025 बुधवार को और सामुदाकिय स्वास्थ्य केंद्र चिन्तलनार में 26 जून 2025 गुरूवार को शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### कलेक्टर ने युक्तियुक्तकरण को लेकर प्रेस कांफ्रेंस की, बताए फायदे

**सुकमा, 07 जून।** कलेक्टर श्री देवेश ध्रुव ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत सुकमा जिले में अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। जिले के सभी शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षक विद्यालयों जिनमें प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय शामिल हैं , उनमें में काउंसलिंग के माध्यम से शिक्षकों का पदांकन सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि युक्तियुक्तकरण से विद्यालयों में शिक्षकों की पर्याप्त उपस्थिति सुनिश्चित होगी, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस प्रक्रिया से छात्रों को समान, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। विद्यालयों में शिक्षा का स्तर सुधरेगा और बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल एवं सुविधाएं मिलेंगी। कलेक्टर ध्रुव ने युक्तियुक्तकरण के और फायदे बताते हुए कहा कि इससे शिक्षकों की दक्षता और अनुभव का प्रभावी उपयोग संभव होगा।

# वन ग्रामों को राजस्व में बदलने का विरोध, 6 मांगों पर प्रशासन ने जताई सहमति



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद,7 जून। जिले के 13 वन ग्राम राजस्व ग्राम में तब्दील होंगे. यह दस मांगों में से एक था, जिनको लेकर जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम और लोकेश्वरी नेताम की अगुवाई में आदिवासी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे थे. लगभग 60 घंटे तक चले भूख हड़ताल के बाद प्रशासन ने 10 में से 6 मांगों पर सहमति जताई, जिसके बाद एसडीएम ने जिला पंचायत सदस्यों की जूस पिलाकर भूख हड़ताल को समाप्त करवाया.

पुलिस-नक्सली मुठभेड़ अपडेट नेशनल पार्क इलाके में भास्कर के बाद 2 और नक्सली ढेर, ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद मैनपुर में मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम और लोकेश्वरी नेताम की बिगड़ती तबीयत देखकर आदिवासी विकास परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर भगवान उईसे से मुलाकात कर मांगों पर विचार करने का आग्रह किया था।

# पीढ़ापाल में श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन



**कांकेर, 7 जून ।** ग्राम पंचायत पीढ़ापाल में श्रम विभाग द्वारा पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के श्रमिकों को शासन की श्रम कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा उनका पंजीयन एवं नवीनीकरण करना था। श्रमपदाधिकारी श्री सुदेश गोटी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में ग्रामीणों को श्रमिक पंजीयन की प्रक्रिया, पात्रता, लाभ एवं योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर कुल 107 नए श्रमिकों का पंजीयन किया गया तथा 01 श्रमिक का नवीनीकरण संपन्न हुआ। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों ने श्रमिक पंजीयन की प्रक्रिया को समझा और योजनाओं का लाभ लेने के प्रति जागरूकता दिखाई। श्रम विभाग द्वारा इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक श्रमिकों को योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में श्रम विभाग से श्रम निरीक्षक श्री विवेक साव, श्रम कल्याण अधिकारी श्री जयप्रकाश चौहान, श्रम कल्याण निरीक्षक श्री प्रवीण सुकतेल, श्री सतीश नाग एवं श्री महावीर, श्री धनेश्वर सिंहा एवं श्रीमती परमेश्वरी मौजूद रहे।

## 78 स्कूल जहां कोई भी शिक्षक नहीं था वहां पहली बार शिक्षको की हुई पोस्टिंग



**बीजापुर, 7 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से काउंसलिंग पश्चात 78 शिक्षक विहीन स्कूलों में पदस्थापना कर शिक्षकों की पूर्ति की गई है। जिले में इस पदस्थापना के बाद कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन नहीं हैं। इसी तरह एक हाईस्कूल जहां व्याख्याता के सभी पद रिक्त थे वहां हिन्दी एवं सामाजिक अध्ययन के व्याख्याताओं की पूर्ति की गई है।जिला शिक्षा कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के लिए शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप किया गया। जिले में 198 शिक्षक अतिशेष पाये गए जिनमें सहायक शिक्षक 104, प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला 13, शिक्षक 45, प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला 31 और व्याख्याता के 5 पद शामिल हैं। इन अतिशेष शिक्षकों मे से 189 शिक्षकों की पस्थापना शिक्षक विहीन एकल शिक्षकीय एवं आवश्यकता वाले संस्थाओं में कांउसलिंग के उपरांत की गई।नई पदस्थापना आदेश के तहत 82 शिक्षकों को शिक्षक विहीन शालाओं में 44 शिक्षकों को एकल शिक्षकीय शालाओं में और 63 शिक्षको को सामान्य संस्थाओं में पदस्थापना किया गया।युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के बाद जिले में अब भी सहायक शिक्षक के 336, प्रधानअध्यापक प्राथमिक शाला के 76, शिक्षक के 15 और व्याख्याता के 138 कुल 565 पद रिक्त रहेंगे।दो दशकों से बंद पड़े स्कूलों के पुनः संचालन पश्चात 76 स्कूलों को पहली बार नियमित शिक्षक युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के पश्चात मिल पाये। अतिसंवेदनशील एवं दूर्गम क्षेत्र गुन्डापूर, मुदवेंडी, हिरमगुन्डा, बोटेतोंग, गुन्जेपरती, जीड़पल्ली, मुरकीपाड़ जैसे 76 स्थानों पर पदस्थापना किए जाने से दो दशको बाद इन स्थानों पर शिक्षको की आवाजाही फिर से शुरू हो सकेगी जिससे इन क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पाएगी। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में जिले में 65 स्कूलों का समायोजना किया गया है जिसमें से 56 स्कूलों का यथावत संचालन होगा, जिले में केवल 9 स्कूल अल्पदर्ज संख्या के कारण बंद किए गऐ हैं।

## एक नजर

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत भोड़िया में शिविर आयोजित

**कांकेर, 7 जून ।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कृषकों को जागरूक करने विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भवन भोड़िया में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष राजकुमार दर्रो ने कहा जिस तरह से हम बीमार होने के बाद इलाज के लिए डॉक्टर पास जाते हैं, ठीक उसी तरह हमारे फसलों के बीमारी के ईलाज व सलाह के लिए गांव में शिविर लगाया गया है। उन्होंने सभी किसान भाईयों से अपील करते हुए कहा कि कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों से बेझिझक फसलों में कीड़ा, बीमारी रोग नियंत्रण के उपायों एवं उन्नत खेती बाड़ी के सम्बंध में जानकारी लेकर इसका लाभ उठा सकते हैं। साथ ही जनपद सदस्य द्वारा कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि पशुपालन, मत्स्य पालन तथा उद्यानिकी अधिकारियों का मोबाईल नंबर पंचायत में उपलब्ध कराया गया, जिससे किसान भाई योजना संबंधी एवं खेती किसानी से सम्बंधित तकनीकी जानकारी ले सकें। शिविर में कृषि वैज्ञानिक डॉ. नरेन्द्र तायड़े, कृषि विकास अधिकारी और फसल बीमा डिस्ट्रिक मैनेजर द्वारा उन्नत कृषि तकनीक एवं कृषक हितैषी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी किसानों को दी गई। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी, ग्राम पटेल, कोटवार एवं कृषकगण उपस्थित थे।

### सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा 15 जून को

**कांकेर,7 जून ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ-25) भर्ती परीक्षा का आयोजन 15 जून रविवार को पूर्वान्ह 10 से 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के लगभग 10067 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक शिक्षा श्री लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उक्त परीक्षा हेतु जिले में 41 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### बैंक मित्र एवं बैंक सखी की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**कांकेर,7 जून ।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कृषकों को जागरूक करने विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भवन भोड़िया में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष राजकुमार दर्रो ने कहा जिस तरह से हम बीमार होने के बाद इलाज के लिए डॉक्टर पास जाते हैं, ठीक उसी तरह हमारे फसलों के बीमारी के ईलाज व सलाह के लिए गांव में शिविर लगाया गया है। उन्होंने सभी किसान भाईयों से अपील करते हुए कहा कि कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों से बेझिझक फसलों में कीड़ा, बीमारी रोग नियंत्रण के उपायों एवं उन्नत खेती बाड़ी के सम्बंध में जानकारी लेकर इसका लाभ उठा सकते हैं। साथ ही जनपद सदस्य द्वारा कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि पशुपालन, मत्स्य पालन तथा उद्यानिकी अधिकारियों का मोबाईल नंबर पंचायत में उपलब्ध कराया गया, जिससे किसान भाई योजना संबंधी एवं खेती किसानी से सम्बंधित तकनीकी जानकारी ले सकें। शिविर में कृषि वैज्ञानिक डॉ. नरेन्द्र तायड़े, कृषि विकास अधिकारी और फसल बीमा डिस्ट्रिक मैनेजर द्वारा उन्नत कृषि तकनीक एवं कृषक हितैषी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी किसानों को दी गई। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी, ग्राम पटेल, कोटवार एवं कृषकगण उपस्थित थे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष गबेल की अध्यक्षता में हुई सामान्य सभा की बैठक



**रायगढ़, 7 जून।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल की अध्यक्षता में 5 जून को जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान 3 अतिरिक्त स्थायी समिति के गठन एवं सदस्यों की संख्या का अवधारण करने संकल्प पारित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दीपक सिदार भी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गबेल द्वारा अधिकारियों से विभागीय योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यों के प्रगति पर समीक्षा की गई। उन्होंने आगामी बरसात के पूर्व जलाशयों के उन्नयन कार्य हेतु जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सभी उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एन्टी वेनम इंजेक्शन एवं एंटी रेबीज वैक्सीन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गबेल ने सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी प्रमुख मार्गों का मरम्मत कार्य प्रमुखता से कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मानव पशु द्वंद के पीड़ितों को अविलंब मुआवजा राशि प्रदाए किए जाने के निर्देश दिए।बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो, श्री गोपाल अग्रवाल, श्री रमेश बेहरा, श्री ब्रजेश गुप्ता, श्री मुरलीधर राठिया, श्री बंशीधर चौधरी, श्रीमती शांता भगत, श्रीमती मुस्कान चौहान, श्रीमती भाग्यवती डोलनारायण नायक, श्रीमती लक्ष्मी जीवन पटेल, श्रीमती सतबाई पटैल, श्री बलदेव कुर्रे, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, अतिरिक्ति मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री महेश पटेल सहित अन्य सभी विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर 23 जून तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़, 7 जून।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत सेक्टर किरोड़ीमल नगर अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र कछार क्रमांक 1 ग्राम पंचायत कछार में रिक्त सहायिका के 01 पद की पूर्ति हेतु 9 जून से 23 जून 2025 तक आवेदन मंगाए गए है। आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति से संबंधित निर्देश व नियम शर्तो के संबंध में परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

# एनआईए ने माओवादी के खिलाफ दर्ज की चार्जशीट, सेना के जवान की हत्या का मामला

**कांकेर, 7 जून।** छत्तीसगढ़ के एक माओवादी के खिलाफ सेना के जवान की हत्या के मामले में आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोपित माओवादी ने फरवरी 2024 को जवान की मेले में हत्या कर दी थी। एनआईए ने जांच के दौरान पहले ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था।

कांकेर जिले में फरवरी 2024 में हुए भारतीय सेना के जवान की हत्या के मामल में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने एक आरोपित के खिलाफ जांच पत्र दायर किया है। एनआईए ने शुक्रवार को लक्षित हत्या के मामले में पहले गिरफ्तार किए गए एक आरोपित के खिलाफ ही यह कार्रवाई की है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर के आशु कोरसा के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है।

बता दें कि आरोपित के खिलाफ जागदलपुर में एनआईए विशेष अदालत में आइपीसी, 1860 की धारा 302 के साथ 120 बी और यूए (पी) अधिनियम की धारा 16, 18, 20, 38 और 39 के तहत आरोप पत्र दायर किया गया है। एनआइए की जांच में सामने आया कि आरोपित प्रतिबंधित आतंकी संगठन सीपीआई (माओवादी) की आपराधिक साजिश में शामिल था। उसने जानबुझ कर भारतीय सेना के जवान मोतीराम अचला की हत्या की थी।45 लाख का इनामी माओवादी सचिव भास्कर ढेर, दो दिन में दूसरी सफलता, 7 ने किया सरेंडर बता दें कि जवान मोतीराम अचला की हत्या पिछले साल 25 फरवरी को कांकेर जिले के अमाबेड़ा क्षेत्र के उसेली गांव में की गई थी। जब सेना का जवान अपने परिवार के साथ मेला देखने जा रहा था, उसी समय सीपीआई (माओवादी) के सशस्त्र कैडर ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस अपराध को आशु कोरसा ने अंजाम दिया था। एनआईए ने मामला अपने हाथ में लिया- स्थानीय पुलिस द्वारा दर्ज किए गए इस मामले को एनआईए 29 फरवरी 2024 को अपने हाथ में लिया था। जांच के दौरान यह पाया गया कि आरोपी आशु कोरसा, सीपीआई (माओवादी) के तहत संचालित उत्तर बस्तर डिवीजन की कुयेमारी क्षेत्र समिति का सक्रिय सशस्त्र कैडर था। उसने एक अन्य वरिष्ठ माओवादी नेता के साथ मिलकर मोतीराम अचला की पहचान की और स्थानीय बाजार में उसकी हत्या कर दी थी। आरोपित को पिछले साल दिसंबर में एनआईए ने इस साजिश के संबंध में गिरफ्तार किया गया था।



### ऑटो में चोरी करने वाली गैंग महिला के पर्स से उड़ाए 50 हजार पार

**बिलासपुर, 7 जून।** बिलासपुर में ऑटो सवार महिलाओं ने चलती गाड़ी में महिला का पर्स खोलकर 50 हजार रुपए पार कर दिए। दरअसल, महिलाएं इस तरह की वारदात को पहले भी अंजाम दे चुकी हैं। पीड़ित महिला को चोरी की जानकारी ऑटो से उतरने के बाद हुई।

### मरीन ड्राइव विस्तार के लिए 29.57 करोड़ स्वीकृत

**रायगढ़, 7 जून।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने रायगढ़ नगर निगम में मरीन ड्राइव के विस्तार के लिए 29 करोड़ 56 लाख 73 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।

# राष्ट्रीय आम महोत्सव में मियाजाकी से लेकर केसर तक का जलवा



**रायपुर,7 जून।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव का शुभारंभ हो चुका है। यह आम महोत्सव रविवार 8 जून तक चलेगा। राष्ट्रीय आम महोत्सव में आम की 200 से अधिक किस्मों और आम से बने 56 व्यंजनों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस आम महोत्सव में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों के 450 से अधिक किसानों द्वारा विभिन्न किस्मों के आमों का प्रदर्शन किया जा रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों से आए आम उत्पादकों द्वारा आम के विभिन्न किस्मों के फलों तथा पौधों का विक्रय भी किया जा रहा है। संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन और प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान यह आयोजन किया गया है। आम की व्यावसायिक किस्मों के अंतर्गत दशहरी, लंगडा, बाम्बे ग्रीन, चौसा, मालदा, हिमसागर, सुन्दरजा, केसर, अलफान्सो, तोतापरी, नीलम बैंगनफल्ली, पैरी, सिन्दूरी, फज़ली किस्मों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। संकर किस्मों की प्रतियोगिता के अंतर्गत मल्लिका, आम्रपाली, पूसा अरूणिमा, अम्बिका, रत्ना, सिंधु, अर्का पुनीत किस्मों को शामिल किया गया है। विशिष्ट किस्मों की प्रतियोगिता के अंतर्गत हाथीझुल, नूरजंहा, लड्डु, गुलाब खास किस्मों के उत्पादक भाग ले सकते हैं। एक्जोटिक (आयातित किस्म) की प्रतियोगिता में मियाजाकी, टॉमी एटकिन्स एवं गोल्डन नगेट्स किस्मों को शमिल किया गया है। इस अवसर पर आम से निर्मित उत्पादों की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा

## स्पोर्ट्स परेड : जवानों ने दिखाया फिटनेस और टीम भावना का दम

**धमतरी, 7 जून ।** धमतरी पुलिस लाइन में पहली बार जवानों के फिटनेस, स्टेमिना और अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए 'स्पोर्ट्स परेड' का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) धमतरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में 150 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस अनूठे आयोजन का उद्देश्य जवानों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ उनकी टीम भावना और आपसी सहयोग को मजबूत करना था।स्पोर्ट्स परेड में रस्साकस्सी, रिले रेस, स्लो सायकल रेस, पुशअप प्रतियोगिता और वॉलीबॉल जैसे रोमांचक खेलों का आयोजन हुआ। रस्साकस्सी में पुरुषों और महिलाओं की दो-दो टीमें बनाकर प्रतिस्पर्धा कराई गई, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी ताकत और टीम वर्क का शानदार प्रदर्शन किया। स्लो सायकल रेस में प्रतिभागियों ने संतुलन बनाते हुए धीमी गति से साइकिल चलाई, जिसमें सबसे धीमे और अंतिम स्थान पर पहुंचने वाला प्रतिभागी विजेता घोषित हुआ। इस रेस में प्रथम स्थान आर. राजू साहू, द्वितीय स्थान आर. पितांबर राजपूत और तृतीय स्थान आर. संतोष तिवारी ने हासिल किया। रिले रेस में चार पुरुष टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। वहीं, पुशअप प्रतियोगिता में 10 प्रतिभागियों ने 50 से अधिक पुशअप पूरे किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आर. चालक खिनेश देवांगन, द्वितीय स्थान प्र.आर. तेरस राम और तृतीय स्थान स.उ.नि. चंद्रशेखर गेडाम ने प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विजेताओं को प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस आयोजन में डीएसपी मीना साहू, मोनिका मरावी, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, निरीक्षक टुमन लाल डडसेना, उपनिरीक्षक अजय सिंह सहित जिले के कई पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। इस स्पोर्ट्स परेड ने न केवल जवानों की फिटनेस को परखा, बल्कि उनकी एकजुटता और उत्साह को भी सामने लाया।



## कलेक्टर ने शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में प्रेसवार्ता ली




**बीजापुर, 7 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर शिक्षकों एवं शालाओं के युक्तियुक्तकरण तथा शिक्षा में गुणवत्ता लाने युक्तियुक्तकरण के उद्देश्य उनके फायदे सहित सम्पूर्ण प्रक्रिया को प्रेसवार्ता के माध्यम से जिले के मीडिया प्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री लखन लाल धनेलिया, एपीसी श्री जाकिर खान सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण मौजूद थे। कलेक्टर ने बताया कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के लिए शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। नगरीय इलाकों में छात्रों की तुलना अधिक शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों की शालाओं में स्थिति इसके विपरीत है। वहां शिक्षकों की कमी है, जिसके चलते शैक्षिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम भी प्रभावित हो रहा है। इस स्थिति को सुधारने के उद्देश्य ही प्रदेश सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण का कदम उठाया गया है। इससे जिन शालाओं में शिक्षक की जरूरत है, वहां शिक्षक उपलब्ध होंगे।ग्रामीण क्षेत्रों में गणित, रसायन, भौतिकी और जीव विज्ञान जैसे विषयों के विषय-विशेषज्ञ उपलब्ध होंगे। बच्चों को अच्छी शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कुल मिलाकर युक्तियुक्तकरण के माध्यम से छात्र-शिक्षक अनुपात स्कूलों में संतुलित हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिक्षकों और शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है।

## महासमुंद के प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी निधीश कुमार कोष्टी निलंबित

**महासमुंद, 7 जून।** छत्तीसगढ़ शासन ने शासकीय कार्य में अनियमितता, तय दर से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय, स्टॉक में गंभीर कमी और बिक्री राशि में लाखों रुपये की गड़बड़ी के मद्देनज़र महासमुंद जिले के प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी श्री निधीश कुमार कोष्टी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत की गई है। निलंबन अवधि में श्री कोष्टी का मुख्यालय आबकारी आयुक्त कार्यालय, नवा रायपुर अटल नगर में निर्धारित किया गया है। गौरतलब है कि 29 मई 2025 को आबकारी विभाग मुख्यालय रायपुर के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा महासमुंद जिले के घोड़ारी स्थित कम्पोजिट मदिरा दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण से पूर्व एक छद्म ग्राहक को 500-500 रूपए की कुल 4 नोट यानि कुल 2000 रूपए देकर मदिरा खरीदने भेजा गया। निर्धारित मूल्य 1760 रूपए के स्थान पर विक्रयकर्ता द्वारा 2000 रूपए में मदिरा बेचा गया। पूछताछ में विक्रयकर्ता ने अधिक मूल्य पर विक्रय की बात स्वीकार की। स्टॉक के भौतिक सत्यापन में 1886 नग देशी मदिरा मसाला की कमी और एक लाख 88 हजार रूपए की आर्थिक गड़बड़ी पाई गई। वहीं, बिक्री राशि की तुलना में नगदी में 3 लाख 8 हजार रूपए और विदेशी मदिरा में एक लाख 99 हजार रूपए की कमी पकड़ में आई। इस प्रकार कुल 6 लाख 96 हजार रूपए की वित्तीय अनियमितता का मामला पकड़ में आया। उपरोक्त अनियमितताओं को देखते हुए राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के तहत प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी महासमुंद को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने की कार्रवाई की गई है। आबकारी आयुक्त ने बताया कि इससे पूर्व में 3 मई 2025 को राज्य स्तरीय उड़नदस्ता द्वारा बागबाहरा (महासमुंद) में उड़ीसा निर्मित और केवल उड़ीसा में वैध 351.17 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई थी, जिसमें तीन प्रकरण दर्ज हुए और फरार आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं 34(2) और 59(क) के तहत कार्यवाही की गई। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है, प्रदेश में शासकीय जिम्मेदारियों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, भ्रष्टाचार या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महासमुंद में की गई यह कार्रवाई, सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का प्रमाण है।

## युक्तियुक्तकरण से कोकड़ी प्राथमिक शाला को मिला नया शिक्षक, शिक्षा गुणवत्ता में आएगा सुधार

**महासमुंद, 7 जून।** राज्य सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और संतुलित बनाने के उद्देश्य से लागू किए गए युक्तियुक्तकरण का सकारात्मक असर अब विद्यालयों की कार्यप्रणाली में नजर आने लगा है। इसी पहल के अंतर्गत महासमुंद विकासखंड के ग्राम पंचायत खट्टर के कोकड़ी गांव स्थित प्राथमिक शाला में वर्षों बाद एक अतिशेष शिक्षक की पदस्थापना की गई है, जिससे विद्यालय में शैक्षिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी।प्रधानपाठक श्री गेंदलाल कोकड़िया ने बताया कि यह विद्यालय बीते लगभग दो दशकों से केवल एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहा था। एक ही शिक्षक को सभी कक्षाओं को पढ़ाने, प्रशासनिक कार्यों को निभाने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का उत्तरदायित्व निभाना पड़ता था, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना एक बड़ी चुनौती बन चुकी थी। अब युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत श्री हेमंत कुमार देवांगन को अतिशेष शिक्षक के रूप में विद्यालय में पदस्थ किया गया है। इससे शिक्षा व्यवस्था में कई स्तरों पर सकारात्मक सुधार की उम्मीद की जा रही है।प्रधान पाठक ने बताया कि अब विद्यालय में दो शिक्षकों की उपस्थिति से कक्षाओं का उचित विभाजन संभव हो सकेगा, जिससे प्रत्येक शिक्षक को पाठ्यक्रम को समय पर पूर्ण कराने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। इससे न केवल बच्चों की सीखने की क्षमता में वृद्धि होगी।

# युक्तियुक्तकरण से 21 शिक्षक विहीन और 267 एकल शिक्षकीय स्कूलों को मिले शिक्षक

**रायगढ़, 7 जून।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रायगढ़ जिले में शिक्षा विभाग अंतर्गत हुए युक्तियुक्तकरण के संबंध में प्रेस-वार्ता ली। उन्होंने कहा कि शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने राज्य शासन द्वारा शिक्षकों एवं शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया गया है। युक्तियुक्तकरण से बच्चों को अच्छी शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं सुविधाएं सुनिश्चित हो पाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिक्षकों और शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि नगरीय इलाकों में विद्यार्थियों के अनुपात में शिक्षकों की संख्या अधिक थी। वहीं दूरस्थ ग्रामीण अंचलों की शालाओं में स्थिति इसके विपरीत थी। जिससे शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित होने के साथ अध्यापन कार्य में असंतुलन की स्थिति बनी हुई



थी। जिससे परीक्षा परिणाम भी प्रभावित हो रहे थे। वर्तमान में शिक्षकों एवं शालाओं का युक्तियुक्तकरण होने से एकल एवं शिक्षक विहीन शालाओं को शिक्षक मिले है। जिससे अध्यापन कार्य सुचारू रूप से संचालित हो पाएगा। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बताया कि रायगढ़ जिले में 21 प्राथमिक शालाएं शिक्षक विहीन एवं 267 शालाएं एकल शिक्षकीय थे। वहीं 2 पूर्व माध्यमिक शाला शिक्षकविहीन और 18 एकल शिक्षकीय थे। जिले के प्राथमिक स्कूलों में 702 शिक्षक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में 154 शिक्षकों की आवश्यकता थी, जिसे अतिशेष शिक्षकों के माध्यम से युक्तियुक्तकरण के पश्चात पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण से शिक्षक विहीन विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता के साथ ही एक ही परिसर में विद्यालय होने से आधारभूत संरचना मजबूत होगी और स्थापना व्यय में भी कमी आएगी। जिले में 7 शालाओं का समायोजन किया जा रहा है। 553 विद्यालय 497 विद्यालयों में संविलियन हो जायेंगे। सिर्फ उन्हीं स्कूलों का समायोजन किया जा रहा है, जिनमें छात्रों की संख्या बहुत कम है एवं पास में बेहतर विकल्प मौजूद है। एक ही परिसर में स्थित विद्यालयों को समाहित कर क्लस्टर मॉडल विकसित किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बताया कि अतिशेष शिक्षकों का पुनः समायोजन कर एकल शिक्षक शिक्षकीय और शिक्षक विहीन विद्यालयों में पदस्थापना की जा रही है। युक्तियुक्तकरण से लगभग 90 प्रतिशत बच्चों को तीन बार प्रवेश प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी और बच्चों को पढ़ाई में गुणवत्ता के साथ ही निरंतरता भी बनी रहेगी। जिससे बच्चों के ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी और अच्छी बिल्डिंग, लैब, लाईब्रेरी जैसी सुविधाएं एक ही जगह देना आसान होगा।कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने प्रेस-कान्फ्रेंस के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ जिले में 21 प्राथमिक शाला और 2 माध्यमिक शाला शिक्षक विहीन थे तथा 267 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय, हाईस्कूल छोटेमुड़पार, पामगढ़ विकासखण्ड खरसिया तथा हायर सेकेण्डरी महलोई विकासखण्ड तमनार एवं कन्या हायर सेकेण्डरी खरसिया जिन स्कूलों में विगत कई वर्षो से पद स्वीकृति नहीं होने के कारण शिक्षकों की पदस्थापना नहीं होने से अध्यापन व्यवस्था में कठिनाई हो रही थी। युक्तियुक्तकरण से सभी शिक्षक विहीन, एकल शिक्षकीय शालाओं में शिक्षकों की पूर्ति हुई तथा उक्त 2 हाईस्कूल एवं 2 हायर सेकेण्डरी स्कूलों में शिक्षकों की पूर्ति करते हुए पद संरचना का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

## एक नजर

### राज्य खेल अलंकरण पुरस्कार के लिए 26 जून तक आवेदन

**बलौदाबाजार, 7 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों,प्रशिक्षको एवं निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। पुरस्कार हेतु कर्यालय या संचालनालय में राज्य खेल संघों से अनुसंशा सहित आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 26 जून 2025 कार्यालयीन समय तक निर्धारित की गई है। खिलाड़ी को एक से अधिक अलंकरण,सम्मान हेतु पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्रों का प्रारूप मय सूचना विभाग की वेबसाईट http//sportsyw.cg.gov.in पर उपलब्ध है। नौकरी पेशा आवेदको के लिए राज्य या केन्द्र के शासकीय,अर्द्धशासकीय,सार्वजनिक उपक्रम के अधिकारी-कर्मचारी पर सम्मान,पुरस्कार प्राप्त करने हेतु उन पर संबंधित सरकार द्वारा लागू नियम का भी परिपालन किया जाना अनिवार्य है। पुरस्कार नियम में प्रावधानों के अनुरूप जिन खिलाड़ियों की मान्यता प्राप्त संघ द्वारा पुरस्कार के लिए अनुसंशा नहीं की गई है और तुलनात्मक रूप से उनकी उपलब्धि अधिक है, तो ऐसे खिलाड़ी तत्संबंधी विवरण प्रस्तुत कर, निर्धारित प्रारूप में अपना व्यक्तिगत विवरण लेख करते हुए 26 जून तक, कार्यालयीन समय में संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, जी.ई. रोड, रायपुर या खेल विभाग के जिला कर्यालयों में अपना आवेदन सीधे जमा कर सकते हैं।

### ई-श्रम पोर्टल में पंजीयन 30 जून तक,पंजीकृत श्रमिकों को मिलेगी 2 लाख की दुर्घटना बीमा

**बलौदाबाजार, 7 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के ऐसे श्रमिक जिनका ई-श्रम पोर्टल में पंजीयन हुआ है तथा जिनकी मृत्यु एवं दिव्यांगता किसी दुर्घटना के दौरान हुई है उन्हें सुरक्षा बीमा का लाभ एक्सग्रेसिया के रूप में दिया जाता है। ई - श्रम पोर्टल में पंजीयन हेतु 30 जून 2025 तक वृद्धि की गई है। इस संबंध में श्रम पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत ऐसे श्रमिक जिनका दुर्घटना में मृत्यु अथवा दोनों आखों, दोनो हाथ अथवा पैरों की पूर्ण रूप से अपूरणीय क्षति, एक हाथ और एक पैर तथा एक आंख और एक हाथ अथवा एक पैर की पूर्ण रूप से अपुरणीय क्षति हो श्रम विभाग में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त श्रम कार्ड पर 2 लाख रूपए दिया जाता है। इसके अलावा पूर्ण रूप से एक आंख की अपूरणीय क्षति और पूर्णरूप से एक हाथ अथवा एक पैर की अपूरणीय क्षति होने पर 01 लाख रूपये दिया जाता है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि यदि 30 जून के पूर्व से जिनका पंजीयन है और उक्तानुसार दुर्घटना हुई हो तो श्रम विभाग में जाकर आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रथम सूचना रिपोर्ट, पोस्ट मार्टम रिपोर्ट, सक्षम न्यायालय द्वारा जारी उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र, उत्ताराधिकारी का बैंक खाता के साथ आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए श्रम विभाग कार्यालय के दुरभाष क्रमांक 07727796161 पर संपर्क कर सकते है।

### व्यापमं की एडीईओ भर्ती परीक्षा 15 जून को 7 हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल



**बलौदाबाजार, 7 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ ) भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन 15 जून को किया जाएगा। परीक्षा आयोजन हेतु जिले में कुल 26 केंद्र बनाए गये हैं जिसमें 7906 अभ्यर्थी शामिल होंगे।कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार क़ो संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में केन्द्राध्यक्ष एवं ऑब्जर्वरों क़ी बैठक लेकर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर ने परीक्षा क़ो संवेदनशील बताते हुए विशेष सतर्कता और सावधानी बरतने क़े निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट निर्देशित किया कि सभी परीक्षा के प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित करें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं क़ी जाएगी। अनुचित साधनों के प्रयोग पर कड़ी मॉनिटरिंग करें। परीक्षा समय पर शुरू और समाप्त हो। अब तक की परीक्षाओं में सभी ने बेहतर कार्य किया है इस बार भी निष्ठापूर्वक कार्य करें। बताया गया कि एडीईओ भर्ती परीक्षा का आयोजन प्रथम पाली में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12:15 बजे तक आयोजित होगी।

---

#### कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल शामिल हुए खोखली गांव में आयोजित सुशासन तिहार-समाधान शिविर में

# हमारी सरकार का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना है : स्वास्थ्य मंत्री

- **महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर, 30 ग्रामीण नवयुवतियों को सौंपे नौकरी नियुक्ति पत्र**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**खोखली, भाटापारा, 7 जून।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, क्षमता के हिसाब से भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह, छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल ने आज भाटापारा के समीप स्थित खोखली गांव में आयोजित सुशासन तिहार - समाधान शिविर में भाग लिया। यह कार्यक्रम शासन की जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनशिकायतों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और सरकार के साथ सीधे संवाद किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक मैडम भावना गुप्ता सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। शिविर के माध्यम से शासन ने न केवल जनता की समस्याओं का समाधान किया, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।

प्रभारी मंत्री जयसवाल ने इस अवसर पर न्युवोको सीएसआर सोनाडीह सीमेंट प्लांट द्वारा संचालित 'दक्ष स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम' आईएसएमओ प्रशिक्षण कार्यक्रम के 30 सफल प्रशिक्षुओं को नियुक्ति पत्र एवं प्रमाण पत्र सौंपे। ये युवा विभिन्न कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर अब रोजगार के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर मंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, हमारी सरकार का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना है। 'हम होंगे कामयाब' कार्यक्रम उसी दिशा में एक मजबूत पहल है, जिससे युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

'हम होंगे कामयाब' कार्यक्रम जिला प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा एक अभिनव प्रयास है, जिसका उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवाओं को चिन्हित कर उन्हें आवश्यक कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को अलग अलग इंडस्ट्री के माध्यम से इलैक्ट्रीशियन, वेल्डिंग, कंप्यूटर डाटा एंट्री, दर्जी, ब्यूटी पार्लर संचालन जैसे व्यावसायिक कोर्स करवाए जा रहे हैं।

प्रभारी मंत्री जयसवाल ने इस दौरान न्युवोको सीएसआर सोनाडीह सीमेंट प्लांट द्वारा संचालित दक्ष स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम' कार्यक्रम की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा, निजी क्षेत्र की भागीदारी के बिना समावेशी विकास संभव नहीं है। जब न्युवोको जैसे संस्थान अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हैं, तो समाज को नई दिशा मिलती है। इस कार्यक्रम से ग्रामीण नवयुवतियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिल रहा है, जो उनके भविष्य को संवारने में सहायक है। कई नवयुवतियों को हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में रोजगार मिला है।

---

# चोरी के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**सिमगा, 7 जून।** थाना सिमगा एवं साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी सोमेश कुमार कुंभकार ने थाना सिमगा में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने अपनी यामाहा एफजेड मोटरसाइकिल को बिलासपुर रोड सिमगा स्थित सरकारी उचित मूल्य की दुकान के सामने खड़ी कर दी थी और शादी समारोह में चला गया था। जब वह अगली सुबह 4 बजे वापस लौटा, तो उसकी बाइक वहां से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं मिला, जिस पर थाना सिमगा में मामला दर्ज किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। साइबर सेल और थाना सिमगा की संयुक्त टीम ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर राजा यादव (20) निवासी सिमगा और दानेश्वर वैष्णव उर्फदादू (25) निवासी ग्राम दरचुरा, थाना सिमगा को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपराध कबूल कर लिया, और उनकी निशानदेही पर चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई।



---

## आबकारी ने जब्त की 1620 लीटर अवैध शराब व 8280 किलो लाहन

**कोरबा 7 जून।** कलेक्टर अजीत वसंत ने अवैध शराब पर सघन एवं सख्त कार्यवाही करने आबकारी विभाग को निर्देषित किया है। सहायक आयुक्त आबकारी, आषा सिंह ने जिले में पदस्थ अमले को लगातार कार्यवाही कर अधिकाधिक मात्रा में अवैध शराब जप्त करने टीम का गठन किया है। माह अप्रैल और मई, 2025 में 329 आपराधिक प्रकरण जिले में दर्ज किये गये है जिसमें लगभग 1620 लीटर अवैध शराब और 8280 किलो शराब बनाने का लाहन छापामार कर जप्त किया गया है। 55 आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) के तहत् अजमानतीय अपराध दर्ज कर न्यायालय से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। इन आपराधिक प्रकरणों में शराब का बाजार मूल्य लगभग बीस लाख रूपये आंका गया है। साथ ही 4.200 किलोग्राम गांजा मूल्य सत्तावन हजार रूपये जप्त कर दो आरोपियों को एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत् जेल भेजा गया है।

सहायक आयुक्त आबकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार रजगामार हाथीमुड़ क्षेत्र में अवैध शराब बनाकर बिक्री की सूचना पर आबकारी टीम की कार्यवाही में पंकज कुमार पिता ठण्डा राम और सुमित्रा पति फूलसिंह को 35.5 और 6.5 लीटर अवैध शराब बिक्री करते हुए रंगे हाथो पकड़ा गया। उपनिरीक्षक नारायण सिंह कंवर ने आरोपियों को कोरबा न्यायालय से अभिरक्षा में जेल दाखिल किया है। बालको थाना क्षेत्र के रूमगरा हवाई पट्टी के पास मुकेष चैहान पिता छतपाल और अजगरबहार के राधेष्याम सारथी पिता सुकलाल को 20 लीटर, दोंदरों के दुर्गेष पिता गणेष सिंह को 14.5 लीटर अवैध शराबग्राहको को पालिथिन पाउच और बोतल में भरकर बिक्री के लिए रखें हुए पाये जाने पर धारा 34(2) के तहत् गिरफ्तार किया।

---

# 7 शिक्षकविहीन व 78 एक शिक्षकीय स्कूलों को मिले शिक्षक

### युक्तियुक्तकरण से शालाओं में हुई शिक्षकों की पदस्थापना, सभी मिडिल स्कूलों में न्यूनतम 3 शिक्षकों की उपलब्धता

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**खोखली, भाटापारा, 7 जून।** कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार क़ो शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के सबंध में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रेस वार्ता ली।




कलेक्टर बताया कि जिले के 3 शिक्षकविहीन प्रथमिक स्कूल एवं 4 मिडिल स्कूल में शिक्षकों की पदस्थापना हो गई है। 65 एकल शिक्षकीय प्राथमिक शाला एवं 13 एकल शिक्षकीय मिडिल स्कूल अब एकल शिक्षकीय से मुक्त हो गये हैं। युक्तियुक्तकरण से छात्र शिक्षक अनुपात में कोई बदलाव नही आया है। साथ ही किसी शिक्षक की सेवा या पद की समाप्ति नही हुई है।उन्होंने बताया कि जिले के एक ही परिसर में संचालित विभिन्न स्तर के शालाओं के समायोजन के उपरांत प्राथमिक शालाओं में 383 एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 60 शिक्षक अतिशेष रहे जिनकी विभिन्न चरणों मे आयोजित कॉउंसलिंग के माध्यम से नई पदस्थापना की गई है।

#### दूरस्थ क्षेत्र के स्कूल भी शिक्षकविहीन व एकल शिक्षकीय शाला से हुए मुक्त

**बलौदाबाजार, 7 जून।** शिक्षा व्यवस्था क़ो बेहतर और समावेशी बनाने के लिए शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया से जिले में शिक्षकविहीन व एकल शिक्षकीय शाला अब नहीं रह गये। सभी स्कूलों में शिक्षकों की आवश्यकता अनुसार पदस्थापना हुई है जिसका फ़ायदा दूरस्थ क्षेत्र में स्थित स्कूलों, विद्यार्थियों और पालकों क़ो मिलेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिडिल स्कूल बैजनाथ खपरी, पुरैना खपरी एवं हरदी उन्नयन पश्चात 2 वर्षो से शिक्षकविहीन थे जिसमें में 3-3 शिक्षकों की पदस्थापना हुई।

---

## पिता की सड़क हादसे में हुई मृत्यु, बेटा करता रहा इंतजार

**कोरबा 7 जून।** जिले के कटघोरा थाना अंतर्गत ग्राम सुतर्रा में एक सड़क हादसे में बाइक सवार पिता की मृत्यु हो गई। बताया जा रहा हैं की मृतक पाली थाना क्षेत्र का रहने वाला था और अपने बेटे को लेने कटघोरा जा रहा था। जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। बेटा अपने पिता का इंतजार करता रहा, लेकिन जब उसे फोन पर पिता की मृत्यु की जानकारी मिली, तो वह बेहोश हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है। इस हादसे से परिवार में शोक की लहर व्याप्त है और बेटा सदमे में है। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

## बेवा के प्रधानमंत्री आवास में ताला तहसीलदार ने खुलवाया

**कोरबा 7 जून।** बेवा के प्रधानमंत्री आवास में ताला लगा देने के मामले को कलेक्टर अजीत वसंत ने गंभीरता से लिया। उनके संज्ञान में आते ही दर्री तहसीलदार को मौके पर भेजकर ताला खुलवाया गया। इसके साथ ही पीड़िता बेवा को उसका आवास फिर से मिल गया। सत्यसंवाद ने पिछले दिनों सबसे पहले यह मामला सामने लाया था कि जिले के दर्री तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम बरेडिमुड़ा में रहने वाली बेवा महिला संतोषी पति स्व. भागादास के आवास पर राजमिस्त्री प्रीतम दास पिता मुरली दास ग्राम बरेडिमुड़ा ने ताला लगा दिया। पीड़िता संतोषी ने एसडीएम कटघोरा कार्यालय में आवेदन देते हुए बताया था कि उसके पति के नाम आवास स्वीकृत हुआ है जिसके लिए प्राप्त राशि उसने राजमिस्त्री को दे दी है लेकिन उसके द्वारा आवास निर्माण करने के बाद उसमें ताला लगा दिया गया है। आवास में अभी बहुत काम होना बाकी है लेकिन ताला लगा दिए जाने के कारण अब उसके पास सिर छिपाने के लिए जगह नहीं है। पीड़िता संतोषी ने अपने आवास का ताला खुलवाकर कब्जा दिलाने की मांग एसडीएम से की है।

---

# प्रदूषण से परेशान और आक्रोशित ग्रामीणों ने एनटीपीसी अफसरों के मुंह पर फेंकी राख

**कोरबा 7 जून।** जिले में राखड़ की समस्या से जूझ रहे नाराज ग्रामीणों ने अप्रत्याशित घटनाक्रम में एनटीपीसी के अधिकारियों को फ्लाई ऐश का स्वाद चखा ही दिया। उनके मुंह पर राख फेंकी गई। ग्रामीण थैली में राखड़ भर कर लाए थे और जब उनका गुस्सा फूट पड़ा तो उन्होंने अधिकारियों पर राख फेंकी। इस दौरान कटघोरा क्षेत्र के भाजपा विधायक प्रेमचंद पटेल भी प्रदर्शन स्थल पर मौजूद थे।



कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्र एनटीपीसी से उत्सर्जित राख का निस्तार प्रबंधन के द्वारा ग्राम धनरास में राखड़ बांध बनाकर किया जा रहा है। संयंत्र की राख को इधर-उधर फेंकने का भी काम चंद ठेकेदारों के द्वारा किया जा रहा है। धनरास राखड़ बांध के आसपास बसे ग्रामीण राख उड़ने की समस्या से बेहद परेशान हैं। हल्की सी हवा चलने पर राख का गुबार ऐसा उड़ता है कि सारा गांव उसमें समा जाता है और ग्रामीणों के खाने-पीने की वस्तुएं भी खराब हो जाती हैं। शादी-विवाह का अवसर हो या कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम, यदि हवा चली तो सारा खाना राख-राख हो जाता है और नुकसान अलग से। कई साल से इस तरह की समस्या बनी हुई है लेकिन हाल ही के कुछ महीनों में इसने गंभीर रूप लेना शुरू कर दिया है। वैसे तो राखड़ प्रभावित ग्रामीणों को प्रति राशन कार्ड के आधार पर मुखिया को 3000 रुपये का राशन भत्ता एनटीपीसी द्वारा दिया जाता है लेकिन इसमें भी चंद लोग अपनी रोटी सेंक कर फर्जी नाम के सहारे राखड़ भत्ता में भी गड़बड़ घोटाला किए हुए हैं। इस तरह की समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीण एनटीपीसी प्रबंधन को अनेक बार पत्र व्यवहार करने के साथ-साथ चेतावनी देते हुए समस्या से निजात दिलाने का आग्रह करते आ रहे हैं। जब पानी सिर से ऊपर गुजरने लगा तो उन्होंने आंदोलन का रास्ता अख्तियार कर लिया।

---


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर

Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com / sc.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

### -:ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचनाः-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क कार्य हेतु दिनॉक 18.06.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 28 | 169708 | लो.नि.वि. पखांजूर अनुविभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम एव बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 35.00 लाख |
| 02 | 29 | 169709 | लो.नि.वि. अंतागढ़ अनुविभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम एव बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 19.99 लाख |
| 03 | 30 | 169710 | लो.नि.वि. नरहरपुर अनुविभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 50.00 लाख |
| 04 | 31 | 169712 | लो.नि.वि. कांकेर अनुविभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बी. टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 50.00 लाख |
| 05 | 32 | 169714 | लो.नि.वि. चारामा अनुविभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बी. टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 15.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य है।

डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 18.06.2025 है।

नोटः- द्वितीय आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग,
कांकेर मण्डल कांकेर

जी-252601410/4

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली

(संपत्तिकर विभाग)

पत्र क्र./72 दिनांक 4/6/25

### //स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना//

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही हो एहद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका की नगर पालिक निगम रिसाली के सम्पत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है। यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | सम्पत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (1) श्री प्रशांत मुखोपाध्याय/पिता-श्री संतोष मुखोपाध्याय (2) श्रीमती मनाबी मुखोपाध्याय /पति- श्री प्रशांत मुखोपाध्याय पता- फ्लैट नं.-2/बी, द्वितीय तल, 48 रामनाथ भट्टाचार्जी स्ट्रीट पो. बेलुर मठ, तह. व जिला हावड़ा, पश्चिम बंगाल | श्रीमती स्टेफी जोस/पति-श्री जिनो जोसेफ पता-म.नं.-ए-82, आकांक्षा कुंज, मैत्री कुंज के पास, रिसाली भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | शिल्प सागर अपार्टमेंट्स प्रगति नगर रिसाली वार्ड नं. 61 प.ह.नं. 49, फ्लैट नं. ए-202, ख.नं. 163/1 कुल क्षेत्रफल 84.51 वर्गमीटर है। |
| 2. | श्रीमान कमलकांत नागर/पिता- स्व. गोपीचंद नागर पता-हाउस नं. 483, ब्लाक बी, नियर साउथ गार्डन, तालपुरी, सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमान अमित तिवारी/पिता अंगद तिवारी पता-हाउस नं. 73/ए. वार्ड नं. 58. रिसाली सेक्टर, सिविक सेंटर, भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | रिसाली, वार्ड क्र.-61, प्रगति नगर रिसाली प.ह.नं. 49, ख.न. 113/21 कुल रकबा 1500 वर्गफीट है। |
| 3. | (1) सोमनाथ चौधरी/पिता- स्व. सुधीन्द्रनाथ चौधरी (2) शिवनाथ चौधरी/पिता-स्व. चौधरी दोनों सुधीन्द्रनाथ निवासी-एच नं. 160/6. स्ट्रीट नं. 20, प्रगति नगर रिसाली भिलाई वार्ड नं. 63 सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ. ग.) | श्रीमती कविता यादव/पति श्री अनिल कुमार पता- क्वा. नं. 2/बी. स्ट्रीट नं. 04, सेक्टर 07. सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | रिसाली वार्ड नं.-61, प्रगति नगर रिसाली वार्ड प.ह.नं. 49 ख.नं. 160/6 कुल रकबा 4200 वर्गफीट है। |
| 4. | स्व. शिवप्रकाश मिश्रा/पिता-आ. के मिश्रा पता-प्लाट नं.-17, सड़क नं.-1, अवंती उद्यान के पास, मैत्री कुंज, रिसाली सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | (1) श्रीमती गायत्री मिश्रा/पति-स्व. शिवप्रकाश मिश्रा (2) श्री विजय मिश्रा /पिता-स्व. शिवप्रकाश मिश्रा पता-प्लाट नं. 1. अवंती उद्यान के पास, मैत्री कुंज, रिसाली सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | वारिसाना हकत्याग | प्लाट नं. 17 मैत्री कुंज, रिसाली भिलाई प.ह.नं. 49, ख.नं. 80/50, कुल रकबा 0.200 हेक्टेयर है। |
| 5. | श्री फगन लाल पवार/पिता- निम्बाजी पवार पता- मकान नं. 9/ए. एन.नी.ए. सेक्टर-5, भिलाई नगर सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | श्री नवीन कुमार/पिता-श्री बुधन ठाकुर पता-मकान.नं. 2. मैत्री नगर रिसाली, सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | रिसाली वार्ड नं.-61, आशीष नगर अन्दर भाग प.ह.नं.-49 प्लाट नं.-43/10 ख.नं. 502/106, में शामिल ख.नं. 504/81, 507/109, 509/110, 508/114 कुल रकबा 600 वर्गफीट है। |

उक्त संबंध में अंतरण के पूर्व ईश्तहार जारी किया जाता है, जिसमें संबंधिती द्वारा प्रकाशन एवं नामांतरण शुल्क जमा किया गया है। अतः समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु आदेशार्थ प्रस्तुत।

प्रभारी अधिकारी
जनसम्पर्क विभाग
नगर पालिक निगम, रिसाली

सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम
रिसाली


---

#### शासन ने की अभिनव पहल, पहाड़ी कोरवा बच्चों का भविष्य हुआ उज्ज्वल

# नियमित शिक्षकों की नियुक्ति के साथ ही दूर हुई समस्या

- **अतिशेष शिक्षकों के समायोजन से विद्यार्थियों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा**

**कोरबा 7 जून।** शहर से लगभग 80 किलोमीटर दूर यह गाँव है बरपानी...इस गाँव में जाने के लिए रास्ते हैं..छोटे बच्चों के लिए आंगनबाड़ी है... स्कूल में पढ़ने के लिए ठीक ठाक भवन भी है...और यहाँ पढ़ाई करने वाले ज्यादातर बच्चे पहाड़ी कोरवा जनजाति के ही है। शासन ने यहाँ रहने वाले कोरवा जनजाति के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए स्कूल ही नहीं खोले, भवन भी बनाया..लेकिन नियमित शिक्षक नहीं होने का खामियाजा यहाँ पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को वर्षो से उठाना पड़ता रहा...किसी तरह कुछ शिक्षकों को अटैचमेंट कर अध्यापन का कार्य तो कराया जाता रहा..लेकिन यह व्यवस्था भी पहाड़ी कोरवाओं विद्यार्थियों के हित की नहीं थीं...आखिरकार मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन ने अतिशेष शिक्षकों को ऐसे शिक्षकविहीन और एकलशिक्षकीय विद्यालयों में नियुक्ति करने की नीति बनाई तो वनांचल में मौजूद इस पहाड़ी कोरवा बाहुल्य गाँव के स्कूल बरपानी के भी भाग खुल गए। इस विद्यालय में अब दो अतिशेष शिक्षक पदस्थ हुए हैं, जो नियमित शिक्षक होंगे। यहाँ प्रधानपाठक के रूप में कमल सिंह कँवर और सहायक शिक्षक के रूप में



अक्तिदास मानिकपुरी की नियुक्ति हुई है।

कोरबा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवपहरी के आश्रित ग्राम बरपानी में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवाओं का परिवार निवास करता है। यहाँ रहने वाले पहाड़ी कोरवाओं के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने शासन ने पहल की। डीएमएफसे 2017 में नए भवन भी बनाएं। स्कूल में शिक्षा हेतु शिक्षक की व्यवस्था भी की गई थी। शहर से बहुत दूर वनांचल क्षेत्र में स्कूल होने से यहाँ कोई नियमित शिक्षक नहीं था। राज्य शासन द्वारा अतिशेष शिक्षको के समायोजन के निर्देश जारी होने के बाद जब कोरबा जिले के प्राथमिक शालाओ के अतिशेष शिक्षको की काउंसिलिंग की गई तो प्राथमिक शाला बरपानी को एक नियमित प्रधानपाठक और एक रेगुलर शिक्षक मिल गया है। अब इस विद्यालय में भी शिक्षक उपलब्ध हो जाने से पहाड़ी कोरवाओं के बच्चों का भी भविष्य उज्ज्वल नजर आने लगा है। इन गाँव के संपत लाल कोरवा ने बताया कि स्कूल में 25 बच्चे हैं। विगत कई साल से रेगुलर शिक्षक नहीं होने से अध्यापन प्रभावित होता था। बीते शिक्षा सत्र में एक अतिथि महिला शिक्षक कक्षाएं लेती थी। अब खुशी की बात है कि हमारे गाँव के स्कूल को एक प्रधानपाठक और एक नियमित शिक्षक मिल गया है।

